जबलपुर

शुक्रवार 2 जनवरी 2026

पौष मास शुक्ल पक्ष – 12

वर्ष : 20, अंक : 244

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 10

न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


*15 अगस्त 2027 को चलेगी पहली बुलेट ट्रेन, रेल मंत्री मजाकिया अंदाज में बोले-आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए*

# वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्म गुवाहाटी-हावड़ा होगा 'पहला रूट'



वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी नए साल 2026 में बंगाल और असम को नई सौगात देने वाले हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम बंगाल को जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन की तारीख का भी ऐलान किया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। वैष्णव ने घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और हावड़ा (कोलकाता) के बीच चलाई जाएगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी। वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

यूपी में फास्ट फूड से एक और मौत!

## *बर्गर-नूडल्स का अधिक सेवन से छात्रा की दिमाग में गांठें बनी*



एजेंसी ▶▶ अमरोहा

यूपी के अमरोहा में फास्ट फूड के सेवन की वजह से एक और मौत का मामला सामने आया है। नीट की तैयारी कर रही चुचैला कलां गांव की रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा इलमा कुरैशी की दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर बाद मौत हो गई। उसके दिमाग में गांठे बन गई थीं। परिजनों के मुताबिक इलमा का इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया था कि फास्ट फूड में प्रयोग की जाने वाली पत्ता गोभी के जरिए के दिमाग में पहुंचे कीड़े ने गांठे बनाई थीं। छात्रा इलमा कुरैशी गांव चुचैला कलां गांव में रहने वाले नदीम कुरैशी की बेटी थी। नदीम कुरैशी नोएडा में कबाड़ का काम करते हैं।






# अब तक 14 की मौत, गुस्साए लोगों ने मंत्री विजयवर्गीय से नहीं लिया 'चेक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, करीब 1400 लोग संक्रमण के शिकार हुए हैं। बीमारियों पर अब सरकारी रिपोर्ट की मुहर भी लग गई है। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा कि महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की लैब में जांचे गए पानी के नमूनों की रिपोर्ट गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को मिल गई है।



इसमें साफ तौर पर पुष्टि हुई है कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। हसानी ने कहा कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी दूषित हुआ है। यह किस जगह और किस लेवल का है, इसके बारे में संबंधित अधिकारी ही बता पाएंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी माना कि भागीरथपुरा के पेयजल में सीवेज का पानी मिलने से हालात बिगड़े हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चौकी के पास जो लीकेज वाली जगह है, वहीं इसकी सबसे प्रमुख आशंका है। गुरुवार सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भागीरथपुरा पहुंचे। इस दौरान 7 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए के चेक दिए जाने थे। परिजन ने मंत्री की मौजूदगी में नाराजगी जताते हुए कहा- हमें आपका चेक नहीं चाहिए। विजयवर्गीय स्कूटर पर सवार होकर भागीरथपुरा पहुंचे थे। इस दौरान महिलाओं ने नाराजगी जाहिर की। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए नगर निगम की दीवारों पर विवादित पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। कांग्रेस ने नगर निगम मुख्यालय में 'यमराज और कमलछाप' वाले पोस्टर लगाकर विरोध जताया।

**जीएसटी से** भरा सरकार का खजाना

## *दिसंबर माह में 6% बढ़ा 1.74 लाख करोड़ पार*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुड्स एंड सर्विसेज़ टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन से सरकार का खजाना लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार 1 जनवरी 2026 को दिसंबर 2025 महीने में जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा जारी कर दिया गया है और ये शानदार रहा है। कलेक्शन साल के आखिरी महीने में सालाना आधार बढ़ोतरी के साथ 1.74 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा है। इससे पिछले साल दिसंबर 2024 में जीएसटी रेवेन्यू 1.64 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा था। सरकार द्वारा जारी किए गए दिसंबर महीने के जीएसटी कलेक्शन के डेटा पर नजर डालें, तो इसमें सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है।

भोपाल में दो दिवसीय प्रवास पर संघ प्रमुख

## *आज युवा संवाद और प्रमुखजन गोष्ठी, कल 'शक्ति संवाद' को करेंगे संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रसंग पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का देशभर में प्रवास हो रहा है। इसी श्रृंखला में उनका दो दिवसीय प्रवास 2-3 जनवरी को मध्यभारत प्रांत के भोपाल विभाग केंद्र पर रहेगा। 2 जनवरी को युवा संवाद और प्रमुखजन गोष्ठी होगी एवं 3 जनवरी को सामाजिक सद्भाव बैठक और शक्ति संवाद। इस कार्यक्रमों में डॉ. भागवत संघ की 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करने के साथ ही वर्तमान परिस्थितियों पर भी चर्चा करेंगे।

डॉ. भागवत शुक्रवार को भोपाल में आयोजित प्रांत स्तर के 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 9:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। युवा संवाद में प्रांत के सभी 31 जिलों (शासकीय रचना के 16 जिलों) के ऐसे युवा शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और उपलब्धियां अर्जित की हैं। इसी दिन शाम 5:30 बजे से रविंद्र भवन के 'हंस ध्वनि सभागार' में 'प्रमुखजन गोष्ठी' का आयोजन है। इस गोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों में 250 प्रमुखजनों और 250 युवाओं को आमंत्रित किया गया है।








| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |

** नियम व शर्तें लागू

योजना की शर्तों के अनुसार भुगतान न हुई पहली प्रीमियम की तिथि से 5 वर्ष के भीतर पॉलिसी का पुनर्चलन करवाया जा सकता है.

जुड़े रहिए: एलआईसी के साथ अपना मोबाइल नंबर, ई-मेल, एनईएफटी और पैन अपडेट करें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

हमारा व्हाट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

विजिट करें: licindia.in

कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या का प्रयास

# भीड़ ने किया हमला, पेट्रोल डालकर लगाई आग, पीड़ित ने तालाब में कूदकर बचाई जान, अस्पताल में किया भर्ती

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह परेश चंद्र दास के बेटे हैं। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे।

घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह कनेश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे

पहले पीटा, उसके बाद सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी

लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार


घायल अवस्था में खोकन चंद्र दास को अस्पताल ले जाते हुए

### लोगों ने अस्पताल पहुंचाया

जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और रात करीब 10 बजे शरियतपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर उन्हें उसी रात ढाका भेज दिया गया।

### डॉक्टरों की रिपोर्ट: पेट में गंभीर चोट

*शरियतपुर सदर अस्पताल के डॉक्टर नज़रुल इस्लाम ने बताया कि खोकन चंद्र दास के शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। पेट में गंभीर चोट है, जिसकी वजह से उन्हें ढाका रेफर किया गया। इसके अलावा उनके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और हाथों पर जलने के निशान भी पाए गए हैं।*

### बीते दो हफ्ते में चौथी घटना

*इससे पहले बांग्लादेश में 18 दिसंबर 2025 को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने मार डाला था। फिर उसके शरीर को पेड़ से बांधकर जला दिया गया था। इसके बाद 25 दिसंबर को भीड़ ने अमृत मंडल को पीट-पीटकर मार डाला था।*

### पत्नी का आरोप: पहचान छिपाने के लिए जलाया

घायल की पत्नी सीमा दास ने बताया कि उनके पति रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से बदमाशों ने उनकी हत्या की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उन्होंने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था, फिर भी इस तरह का हमला क्यों हुआ, यह समझ से बाहर है।

### पुलिस जांच में जुटी, दो आरोपी चिन्हित

दामुद्या थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद रबीउल हक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में दो आरोपियों की पहचान की गई है, जिनके नाम रब्बी और सोहाग बताए गए हैं। दोनों स्थानीय निवासी हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस वारदात में और कौन-कौन शामिल था।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के नाम पर पेंटागन को भेजा ई-मेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले निशीथ कोहली नाम के व्यक्ति ने पीएम मोदी के नाम का गलत इस्तेमाल कर डीआरडीओ, इसरो और यहां तक कि अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन तक को ई-मेल भेज रखे थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने अपनी पड़ताल में पाया कि शख्स ने पीएमओ, एचएए को भी ई-मेल लिखे थे। इन ई-मेल्स में उस व्यक्ति ने दावा किया था कि उसे सरकार को स्वदेशी सैन्य जेट इंजन बनाने में मदद करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है।



### कनाडा में उड़ान से पहले पायलट ने पी शराब

**वैंकूवर।** कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक पायलट को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। 23 दिसंबर, 2025 को वैंकूवर-दिल्ली (वियना होते हुए) उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक पायलट को जश्न मनाना भारी पड़ गया। पायलट को मुंह से शराब की गंध आने के बाद हिरासत में लिया गया। कर्मचारी ने पायलट की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी। कनाडाई अधिकारियों ने पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें वे फेल हो गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया।




### असलम शब्बीर शेख की गोली मारकर हत्या

**पुणे।** पुणे में 2012 के जंगली महाराज (जेएम) रोड सीरियल बम विस्फोट मामले में आरोपी असलम शब्बीर शेख उर्फ बंटी जहागीरदार (52) की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह घटना महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के श्रीरामपुर में हुई। श्रीरामपुर के वार्ड नंबर 2 के रहने वाले जहागीरदार फिलहाल जमानत पर बाहर थे। पुलिस के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब जहागीरदार श्रीरामपुर के एक कब्रिस्तान से बाहर निकले तो अज्ञात हमलावरों ने उन पर दो पिस्तौल से गोलियां चलाईं।



### बच्चों के लिए फ्रांस में भी बैन होगा सोशल मीडिया

**नई दिल्ली।** फ्रांस सरकार किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सितंबर 2026 से 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही हाई स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी रोक लगाने की तैयारी है। फ्रांस का यह कदम ऑस्ट्रेलिया के हालिया कानून से प्रेरित है। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया था।



## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी

# गलियों में गूंजा 'डेथ टू डिक्टेटर' का नारा 21 प्रांतों में पहुंच गई 'बगावत' की चिंगारी

1 पुलिसकर्मी की मौत, 13 घायल

*प्रदर्शनकारियों ने इस्फ़हान, हमादान, बाबोल, देहलोरन, बाघमलेक और पियान जैसे शहरों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी अब ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए, निर्वासित राजकुमार रज़ा पहलवी का समर्थन किया और पिछले विद्रोहों में मारे गए*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में सत्ता के खिलाफ प्रदर्शन का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। ईरान की सत्ता के खिलाफ नागरिकों का विद्रोह चौथे दिन में और 2025 से 2026 में प्रवेश कर गया है। अब प्रदर्शनकारी ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। बुधवार को ईरान में लगातार चौथे दिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में रैलियां निकाली।

प्रदर्शन के चलते 31 दिसंबर को एक 21 साल के पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं। ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। एक डॉलर 42,125 रियाल के बराबर हो गया है।

रियाल की कीमत गिरने के चलते लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है।

प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया

### बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की


ईरान में महंगाई के विरुद्ध सड़कों पर लोग

### महंगाई कहर बरपा रही

*ईरान में महंगाई अभी कहर बरपा रही है। यहां महंगाई दर अभी 42 फीसदी तक पहुंच गई है। रोजाना की जिंदगी के खर्चे बढ़ने से जनता हलकान है और सड़कों पर उतर आई है। इस्फ़हान में रात में प्रदर्शनकारियों ने 'डरो मत, हम सब साथ हैं', 'तानाशाह मुर्दाबाद', 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'डेथ टू डिक्टेटर' के नारे लगाए। जबकि देहलोरन और बागमलेक में प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में नारे लगाए। कई लोगों ने ईरान के पूर्व शासक रजा शाह पहलवी के समर्थन में नारे लगाए।*

### सुरक्षा बलों ने किया बल प्रयोग

प्रदर्शनकारियों को डिगाने के लिए सुरक्षा बलों ने कई जगहों पर बल प्रयोग किया। नाहवंद, असदाबाद और हमादान जैसे शहरों में गोलीबारी और आंसू गैस छोड़े लेकिन यहां प्रदर्शनकारी डटे हुए दिखाई दिए। तेहरान में तेहरान यूनिवर्सिटी की एक स्टूडेंट लीडर सरीरा करीमी को उनके घर पर छापे के बाद हिरासत में लिया गया है। सरीरा करीमी के ठिकाने का पता नहीं चल पाया है।

### समर्थन मिलना शुरू

*इस प्रदर्शन को मौलानाओं का भी समर्थन मिलना शुरू हो गया है। सुन्नी मौलाना मोलावी अब्दोलहामिद ने कहा कि खराब लिविंग ऑफ स्टैंडर्ड और राजनीतिक गतिरोध इस विद्रोह की वजह बन रहे हैं। मशहूर फिल्ममेकर जाफर पनाही ने इस अशांति को "इतिहास को आगे बढ़ाने" के लिए एक विद्रोह बताया। उन्होंने कहा कि साझा दर्द अब सड़कों पर एक चीख में बदल गया है। पश्चिमी राजनेता लगातार प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खड़े रहे। अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि उन्हें यह देखकर हौसला मिला कि ईरानी लोग ईरान की ज़ालिम तानाशाही को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उनसे 'बुरी सरकार' के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आग्रह किया।*

### ईरान में सत्ता बदलाव की मांग उठी

प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। वे इस्फ़हान, हमादान, बाबोल, देहलोरन, बाघमलेक और पियान जैसे शहरों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी अब ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए, निर्वासित राजकुमार रज़ा पहलवी का समर्थन किया और पिछले विद्रोहों में मारे गए प्रदर्शनकारियों को याद किया। कुल मिलाकर ये प्रदर्शन ईरान के 21 प्रांतों में पहुंच गया है।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# सीमा पर पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया, जासूसी का शक


सीमा पर गश्त करते सुरक्षाकर्मी

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर/पुंछ

जैसलमेर जिले में नए साल के जश्न के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। जिले के नाचना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8 बजे BSF की 72वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान हल्के कोहरे के बीच सीमा पार से एक युवक को भारतीय क्षेत्र की ओर आते देखा।

जवानों ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध युवक भारतीय सीमा के भीतर दाखिल हुआ, जवानों ने तारबंदी के पास उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल खुफिया एजेंसियां और बीएसएफ के अधिकारी उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस से पहले पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए के जासूस होने का शक है। 'ऑपरेशन अलर्ट' के तहत पकड़े गए युवक को तुरंत पास की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) पर लाया गया।

### आतंकियों ने ड्रोन से गिराया बैग

*नए साल के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर खड़ी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से एक ड्रोन के माध्यम से एक संदिग्ध बैग गिराया गया था। इस गतिविधि का पता चलते ही नियंत्रण रेखा पर तैनात सतर्क जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुबह तड़के अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर एक तलाशी अभियान शुरू किया। इस संयुक्त अभियान में सेना, एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और पुलिस के जवान शामिल थे। तलाशी अभियान के दौरान, पुलस्त्य नदी में ड्रोन से गिराया गया वह बैग बरामद करने में सफलता मिली। बैग की जांच करने पर उसमें तीन पैकेट मिले। इन पैकेटों में नशीला पदार्थ, गोलियां और एक आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद हुआ है।*



### अवैध घुसपैठ करते गिरफ्तार

भारत–नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का एक गंभीर मामला सामने आया है। रक्सौल बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों और उन्हें बॉर्डर पार कराने में मदद कर रहे एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। तीनों बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। यह मामला मोतिहारी जिले के भारत–नेपाल सीमा स्थित रक्सौल बॉर्डर का है।

## डीआरडीओ दिवस पर रक्षा मंत्री का दावा

# देश जल्द ही सुदर्शन चक्र का कर लेगा निर्माण, सुरक्षा के लिए जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ मुख्यालय के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने दौरे के दौरान कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के प्रति संगठन की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता


डीआरडीओ मुख्यालय में राजनाथ

दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित सुदर्शन चक्र के निर्माण में डीआरडीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है।

## वायुसेना में हुई नवीन नियुक्तियां

# एयर मार्शल नागेश उपाध्यक्ष और कमांडिंग-इन-चीफ बने श्रीनिवास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर मार्शल नागेश कपूर ने 1 जनवरी को भारतीय वायु सेना उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत एयर मार्शल नागेश कपूर ने दिसंबर 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक उपाधि प्राप्त की और 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की युद्धक विमान इकाई में शामिल हुए। अनुभवी युद्धक पायलट, योग्य उड़ान प्रशिक्षक और युद्धक विमान लीडर एयर मार्शल नागेश कपूर ने मिग-21


नागेश कपूर व सीथेपल्ली श्रीनिवास

और मिग-29 के सभी प्रारूप के विमान उड़ाए हैं। वहीं, एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। एयर मार्शल श्रीनिवास के पास मिग-21, इस्क्रा, किरण, सहित अन्य विमानों पर 4200 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।

## भारत का निर्यात 680 मिलियन डॉलर पर पहुंचा

# भारत-मालदीव का व्यापार 8 वर्षों में तीन गुना बढ़ा, 8 समझौते किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मालदीव का द्विपक्षीय व्यापार बीते आठ वर्षों में तीन गुना बढ़ा है। इस दौरान भारत का निर्यात दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 680 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि मालदीव से आयात 20 गुना बढ़कर 119 मिलियन डॉलर हो गया है।

मालदीव में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की 25 जुलाई 2025 को मालदीव यात्रा के बाद भारत-मालदीव संबंधों में एक नया मोड़ आया है, जिसके दौरान 8 महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए


पीएम नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू फाइल फोटो

गए। इन समझौतों में ऋण राहत भी शामिल है, जिससे मालदीव पर वार्षिक ऋण चुकौती का बोझ 40 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इसमें बुनियादी ढांचे के लिए 565 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन, यूपीआई-रुपे एकीकरण, मत्स्य पालन सहयोग, आवास परियोजनाएं शामिल हैं।

### पर्यटन क्षेत्र दोनों देशों के बीच अहम

रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यटन भारत और मालदीव के बीच सबसे प्रत्यक्ष और गतिशील सेतु है। मालदीव में पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत लगातार शीर्ष देशों में शुमार रहा है, जिससे पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को स्थिरता और मजबूती मिलती है, खासकर तब जब यूरोप या पूर्वी एशिया से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उतार-चढ़ाव होता है। मूल्य के हिसाब से भले ही मालदीव से आयात कम हो।

## साल के पहले दिन दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल पहुंचे सेनाध्यक्ष

सैनिकों के अदम्य साहस और जज्बे की सराहना की

# जख्मी और बीमार सैनिकों से मिलकर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नववर्ष 2026 के पहले ही दिन गुरुवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भारतीय सेना के जवानों के बीच मौजूद रहे। उन्होंने दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल का दौरा किया। अपने इस विशेष अवलोकन के दौरान उन्होंने यहां उपचाराधीन सैन्य जवानों, अधीनस्थ अधिकारियों और पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान, सेनाध्यक्ष ने यहां इन सैनिकों के अदम्य साहस, जज्बे और हर परिस्थिति में लड़ने की भावना की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उपचार करा रहे सैनिकों व पूर्व सैनिकों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। बता दें, दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल देश के सबसे बड़े सैन्य अस्पतालों में शुमार है।

### ◆ अस्पताल प्रबंधन को समर्थन देने का आश्वासन दिया


थल सेना प्रमुख बीमार सैनिकों से मुलाकात करते हुए

### चिकित्सा दल के सेवा कार्यों को सराहा

*जनरल द्विवेदी ने अस्पताल में तैनात सैन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और कर्तव्यनिष्ठ सेवा की भी भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा दल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास न केवल रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह भारतीय सेना की देखभाल एवं सेवा के उच्च मानकों को भी दर्शाते हैं।*

### सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बेस हॉस्पिटल के संपूर्ण स्टाफ को उनकी संवेदनशील, मानवीय और निरंतर सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया। धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि वे सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

उन्होंने नए वर्ष के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए अस्पताल प्रशासन को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन का आश्वासन दिया।

## 40 मीटर दूर तक दिखा असर

# हिमाचल में पुलिस थाने के पास ब्लास्ट, खिड़कियों के शीशे टूटे

एजेंसी ▶▶ सोलन

नालागढ़ के पुलिस थाने के समीप वीरवार सुबह जोरदार धमका हुआ। इससे लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। धमाके के साथ पुलिस थाना नालागढ़ के आईओ कमरे, पूर्व सैनिक लीग व साथ लगती मार्केट की दुकानों के शीशे का कांच टूट गए। सूचना मिलते ही एसपी बद्दी विनोद धीमान मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। फॉरेंसिंग टीम भी बुलाई गई, जिन्होंने मौके से कई सैंपल लिए हैं। अभी तक धमाका किससे हुआ इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह


पुलिस थाने के पास का दृश्य

धमाका वीरवार सुबह 9:40 बजे हुआ। पुलिस थाना के साथ एक पैदल रास्ता नीचे बाजार की ओर जाता है। जिसमें यह धमाका हुआ। धमाके से कोई कोई जानी नुकसान हुआ, मगर लोग इससे सहम गए। आईओ के कमरे के साथ साथ करीब 40 मीटर की दूरी पर पूर्व सैनिक लीग की कैंटीन की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

## बेटी हमारी शान...हमारा मान

### नववर्ष पर बैतूल जिला अस्पताल में गूंजी बेटियों की किलकारी

# 1 जनवरी को जन्मीं 11 'नन्ही परियों' को बांटे गए सोने और चांदी के उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अच्छी खबर

नया साल यहां जिला अस्पताल में खुशियों की सौगात लेकर आया। 1 जनवरी को अस्पताल में जन्मीं 11 नन्ही बेटियों का स्वागत किसी राजकुमारी की तरह किया गया। यहां 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाया गया। मां शारदा समिति द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इन नवजात बालिकाओं को सोने



बच्चियों को सोने-चांदी के लॉकेट भेंटकर समाज को दिया सकारात्मक संदेश

अस्पताल में बेटियों के साथ माएं



और चांदी के लॉकेट पहनाकर सम्मान किया, साथ ही माताओं को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। जिससे पूरा अस्पताल परिसर खुशियों से सराबोर हो उठा। यह समिति पिछले 11 वर्षों से लगातार यह आयोजन कर रही है। जिला अस्पताल में 1 जनवरी 2026 को जन्म लेने वाली 11 बालिकाओं को समाज के लिए शुभ संकेत मानते हुए उन्हें उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल का स्टाफ और समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। डॉक्टरों और नर्सों ने इस पहल को प्रेरणादायक बताया। समिति के सदस्यों ने माताओं को भी उपहार और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षित और सशक्त बेटी ही समाज का भविष्य है। उपहार पाकर प्रसूता माताओं और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।




### बेटियों के प्रति भेदभाव खत्म करना है उद्देश्य

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह नेक कार्य वर्ष 2015 से लगातार किया जा रहा है। पिछले 11 वर्षों से 1 जनवरी को जन्मी बेटियों को सम्मानित करने का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। समिति का मानना है कि बेटियों के जन्म को बोझ नहीं, बल्कि एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। हर साल 1 जनवरी को जन्मी बेटियों को सम्मानित कर समाज में उनके प्रति सकारात्मक संदेश देना ही समिति का उद्देश्य है। इस पहल का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव खत्म करना और जागरूकता फैलाना है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अगले माह से 15 वाली सिगरेट मिलेगी 18 रु. में



**नई दिल्ली।** अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20% तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की और से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। इसे लेकर 31 दिसंबर को एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके मुताबिक 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपए से लेकर 8,500 रुपए तक की ड्यूटी ली जाएगी।

### गणतंत्र दिवस से पहले नबीन संभालेंगे अध्यक्ष पद



**नई दिल्ली।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन खरमास के बाद और गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 20 जनवरी को भाजपा अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन 2029 तक इस पद पर बने रहेंगे।

### मंत्रालय ने अपना जारी किया नया लोगो

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने गुरुवार अपना नया लोगो और शुभंकर जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि यह अनावरण मंत्रालय की संस्थागत पहचान को आधुनिक बनाने, जन संपर्क बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में आधिकारिक आंकड़ों की भूमिका को सुदृढ़ करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

DATA FOR DEVELOPMENT

### स्विट्जरलैंड में स्टेट इमरजेंसी घोषित, क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के ऊपर 'नो फ्लाई जोन'

# नए साल की आतिशबाजी बनी 'मौत' स्की रिसॉर्ट में धमाका, 40 लोग मारे गए

एजेंसी ▶▶ बर्न

*यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। उस वक्त रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे*

स्विट्जरलैंड के एक रिजार्ट बार में ब्लास्ट हो गया है, इसमें कम से कम 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, वहीं 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 1.30 बजे घटी है। पुलिस ने बताया कि स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के बार में हुए धमाके में कई लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।

यह धमाका स्थानीय समयानुसार 1:30 बजे (00:30 जीएमटी) 'ले कॉन्स्टेलेशन बार' में हुआ। इटली के विदेश मंत्रालय ने पुलिस ने हवाले से कहा कि इस घटना में कम से कम 40 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग घायल हैं। इलाके को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और हवाई उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्विटजरलैंड ने स्टेट इमरजेंसी घोषित कर दी है, हादसे में राहत और बचाव कार्य में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 रिस्पान्डर लगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अपुष्ट वीडियो फुटेज में उस बार में आग लगी हुई दिखाई दे रही है जहां नए साल की पूर्व संध्या का जश्न मनाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवारों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

**घटनास्थल पर 10 हेलिकॉप्टर और 40 एंबुलेंस तैनात**



*पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर और स्वागत केंद्र स्थापित*

*सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था*

### धमाके की तत्काल मिली सूचना

आग लगने का कारण एक म्यूजिक प्रोग्राम के दौरान आतिशबाजी हो सकती है, हालांकि, पुलिस ने कहा कि कारण अज्ञात है। यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। पुलिस प्रवक्ता गैटन लैथियन ने बताया कि आग लगने की सूचना लगभग 1:30 बजे मिली। सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार धमाके के समय रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### स्विट्जरलैंड का मशहूर टूरिस्ट स्पॉट

स्विस ऑल्प्स के बीच में बसा क्रान्स-मोंटाना एक बहुत ही मशहूर टूरिस्ट स्पॉट है, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और गोल्फ जैसी एक्टिविटीज के लिए दुनिया भर से लोगों को आकर्षित करता है। यह जगह स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। यहां हर साल नए साल के जश्न पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि धमाका जब हुआ, लोग नए साल का जश्न मना रहे थे।

### यह सबसे महंगा इलाका

15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहॉर्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

### अस्पताल की व्यवस्था चरमराई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हताहतों की भारी संख्या के कारण स्थानीय चिकित्सा सुविधाएं तुरंत चरमरा गईं है। क्षेत्रीय पार्षद मैथियास रेनार्ड ने बताया कि स्थानीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई और ऑपरेशन थिएटर कुछ ही घंटों में पूरी तरह भर गए। घायलों में कई गंभीर हैं।



कोलार के कलियासोत नदी का दृश्य, आसमान में छाए बादल

### इस महीने होगी सामान्य से अधिक बारिश

# नए साल के पहले दिन बौछारें आज भी कुछ जिलों में बारिश

**भोपाल।** गुरुवार को नव वर्ष 2026 के पहले ही दिन उत्तरी मध्य प्रदेश के सीधी, सिंगरौली आदि जिलों के कुछ इलाकों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई। वहीं, भोपाल में रात का पारा करीब डेढ़ डिग्री बढ़कर 11 डिग्री के करीब पहुंच गया। इससे प्रदेशभर में गुरुवार को शीतलहर से राहत रही है। शुक्रवार को भी मौसम केंद्र ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां आदि जिलों में बारिश की उम्मीद जताई है। इससे शुक्रवार-शनिवार से उत्तरी मप्र के अधिकांश जिलों में कोहरे का असर बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार भोपाल में अभी रात का तापमान बढ़ा हुआ रहेगा। दो से तीन दिन बाद सर्दी फिर से बढ़ेगी।

*भोपाल में तीन दिन बाद फिर बढ़ेगी सर्दी कई जिलों में बढ़ेगा कोहरा*

### दो महीने बाद हुई बारिश

प्रदेश में नवंबर और दिसंबर 2025 के बाद 1 जनवरी 2026 को करीब दो महीने बाद बारिश हुई है। उत्तरी मप्र के हिस्सों में बादल, बारिश के साथ कई जिलों में दो दिन घने से अति घने कोहरे का असर रहेगा। शेष प्रदेश में रात के तापमान में बढ़ोतरी बनी रहेगी।

### जनवरी में सामान्य से अधिक बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार जनवरी 2026 में पूरे देश में मासिक वर्षा सामान्य (82-118 प्रतिशत) होने की संभावना है। वर्ष 1971-2020 के डेटा के अनुसार जनवरी में पूरे देश में औसतन 17.1 मिमी बारिश होती है। प्रदेश में भी इसी के आसपास बारिश होगी। भोपाल में औसतन 11 मिमी बारिश होती है। इस महीने इससे अधिक बारिश होगी।

### ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा

## इंदौर में 2.56 करोड़ के घोटाले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**पहले से बिक चुके फ्लैट को बंधक बताकर लोन लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

ईओडब्ल्यू इंदौर ने धोखाधड़ी के केस में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। केनरा बैंक शाखा नवलखा में 2 करोड़ 56 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। मेसर्स लक्ष्य इक्विपमेंट एंड इंजीनियरिंग के प्रोप्राइटर, शाखा प्रबंधक और पैनल एडवोकेट पर एफआईआर दर्ज की





गई है। तांबी दंपती ने पहले से बिक चुके फ्लैट को बंधक बताकर लोन लिया। लोन भी उस व्यावसायिक यूनिट के लिए लिया गया जो अस्तित्व में नहीं थी। इसमें तत्कालीन बैंक प्रबंधक और पैनल वकील की भी मिलीभगत थी।

### नए साल की पार्टी के दौरान विवाद

## जन्मदिन मनाने आए दोस्त ने बर्थडे बॉय की चाकू से हत्या की

**आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



पुष्पेंद्र (मृतक)

यहां एक युवक ने अपने ही मित्र की हत्या कर दोस्ती के रिश्ते को कलंकित किया है। मल्हारगंज क्षेत्र में नए साल की पार्टी और अपने मित्र का जन्मदिन मनाने आए नीरज यादव ने जरा सी मजाक को दिल पर ले लिया और बर्थडे बॉय पुष्पेंद्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी नीरज आपराधिक किस्म का युवक है और वह अपने जेब में चाकू भी रखकर चलता है। मजाक ही मजाक में पुष्पेंद्र ने नीरज को अपशब्द कह दिए। इससे नाराज भड़क गया और गुस्से में चाकू निकला और पुष्पेंद्र के सीने में दो तीन बार कर दिए। दोस्त उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया।

## महाकाल में भीड़ नियंत्रण के लिए एआई सिस्टम

ड्रोन को इंदौर और देवास रोड पर भी घुमाया जा रहा



**दृष्टि एआई इनसाइट एविएशन भोपाल की टीम तैनात की गई**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में देशभर से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्राउड मैनेजमेंट और हेड काउंटिंग के लिए पुलिस एआई और पांच ड्रोन की मदद से निगरानी रख रही है। मंदिर से 20 किलोमीटर तक के क्षेत्र में पहुंचने वाली भीड़ की ड्रोन से लाइव फीड महाकाल मंदिर के कंट्रोल रूम में दिखाई दे रही है।

## चपरासी की छुट्टी मंजूर करने की एवज में मांगी थी रिश्वत



डॉ. निर्मला कुशवाहा

### छतरपुर में आयुष अधिकारी 5 हजार घूस लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर में सागर लोकायुक्त ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा और सहायक ग्रेड 2 बाबू अनिल साहू को 5,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई नए साल के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय में उस समय की गई, जब ऑफिस में न्यू ईयर पार्टी चल रही थी। कार्रवाई छतरपुर जिला आयुष कार्यालय में हुई, जहां पार्टी के बीच लोकायुक्त टीम ने छापा मारा। आरोप हैं कि डॉ. निर्मला कुशवाहा ने अपने विभाग के चपरासी अविनाश चंद्र मिश्रा से 20 दिन की छुट्टी स्वीकृत करने के एवज में यह राशि मांगी थी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा ने बताया कि यह चपरासी पिछले डेढ़ महीने से ऑफिस में लगातार परेशान कर रहा था। वह जबरन पर्स में 5,000 रुपए डालकर भागा।



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

# तंजानिया के लोग...काले शरीर, सुनहरे दिल

मानव जाति के इतिहास में एक कलंकित अध्याय दास प्रथा का भी है। विशेषकर अफ्रीकी देशों के नागरिकों के साथ जो कुछ अरब और यूरोपियन व्यापारियों ने अतीत में किया है, उसकी कहानियां पढ़कर तो रोंगटे ही खड़े हो जाते हैं। इस महाद्वीप के तमाम देशों से पंद्रहवी शताब्दी से उन्नीसवीं शताब्दी के बीच तकरीबन तीन करोड़ महिलाओं और पुरुषों को उनकी इच्छा के विपरीत गुलाम बनाकर अन्यत्र स्थानों पर ले जाया गया था। बचपन में जब कभी इतिहास की किताबों में दास व्यापार और गुलाम प्रथा के अध्याय पड़ता था तो यह अचरज होता था कि अफ्रीका के लोग शारीरिक रूप से इतने मजबूत या हट्टे-कट्टे होकर भी गुलामी का जीवन जीने कैसे तैयार हो जाते थे। इस जिज्ञासा का समाधान इस तंजानिया प्रवास के दौरान हो गया है।

यात्रा वृत्तांत

असल अफ्रीका के इन काजल से भी अधिक काले और इस्पात की तरह मजबूत मांसपेशियों के शरीर के अंदर मासूम मन और सुनहरा दिल निवास करता है। अ ब्लैक मैन विद गोल्डन आर्ट की कहावत शायद इन लोगों को देखकर ही गढ़ी गई थी। अभी तक जितना समय तंजानिया में बिताया है, उसमें यहां के लोगों की सरलता, विनम्रता, गंभीरता देखकर अचंभित हूं। व्यक्ति के संबंध में राय उसकी त्वचा का रंग देखकर नहीं, व्यवहार देखकर बनाना चाहिए। बुजुर्गों की यह समझाइश अब जाकर समझ आई है। हम भारतीयों का गोरी त्वचा को लेकर अलग ही आकर्षण रहता आया है श्याम अर्थात काले रंग के प्रति आकर्षण केवल कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजनों तक ही सीमित रहा है। गोरों की रिहाईश मुख्यतौर पर यूरोप और अमेरिका में है। वहां की यात्रा के दौरान आपको अधिकांश मौकों पर स्थानीय निवासियों के व्यवहार में शुष्कता और रुखापन महसूस होगा। यह रुखापन ही वह वजह है कि यूरोप की यात्रा के दौरान भी हम भारतीयों की पहली पसंद यूरोपियन एयरलाइंस की जगह एमिरेट्स, कार्यालय एतिहाद एयरलाइंस रहती है। पूर्वी अफ्रीका के देश तंजानिया में अनुभव इससे पूरी तरह जुदा हैं। एयर तंजानिया के विमान की परिचालिका से लेकर होटल और कैंप के स्टाफ तक हर मौके पर लोग चेहरे पर स्वाभाविक मुस्कान के साथ मदद को आतुर दिखते हैं। टिप ना मिलने पर भी उनके चेहरे से मुस्कुराहट ओझल नहीं होती है। इनके स्वभाव में ईमानदारी और जिम्मेदारी का प्रत्यक्ष अनुभव तब हुआ जब म्वांजा के होटल से तकरीबन सौ किलोमीटर दूर आ जाने के बाद वाहन चालक हमीद के पास फोन आया कि अपनी गले की सोने की चेन मैं कमरे में ही छोड़ आया हूं। होटल स्टाफ, सफारी कंपनी और हमीद ने साझा प्रयास कर तीन दिन के भीतर सात सौ किलोमीटर



सफरनामा अंतिम

दूर मनियारा में वह चेन मेरे हवाले कर दी। इसके एवज में उन्होंने कोई शुल्क भी नहीं लिया। यूरोप या अमेरिका में तो आप ऐसी कल्पना भी नहीं कर सकते।विदेश यात्रा के दौरान शाकाहारी होना खासा परेशानी भरा रहता है। विकल्प बहुत सीमित होते हैं और अगर आपकी बुकिंग फुल बोर्ड के रूप में है तो जो बुफे में परोसा गया है उसी से आपको काम चलाना होता है। यहां इस मामले में भी हालात पूरी तरह जुदा रहे। हर जगह होटल के शेफ ने आकर पसंद ना केवल जानना ही चाही बल्कि उसको पूरा करने की ईमानदार कोशिशें भी की। वेटर भी उसमें पूरी तरह से भागीदार रहते रहे। वाकई यह सेवा भाव अचंभित करने वाला था। इनकी इस मासूमियत और व्यवहारिक कोमलता का सदियों तक गलत फायदा उठाया गया। इसे रंगभेदी मानसिकता ना समझा जाए। यह कटु सत्य है कि गोरे तन में काला मन लिए हुए कुटिल लोगों ने अपनी शातिरता और अत्याधनिक हथियारों के बते सदियों तक इन पशुपालकों को ही अपना पालतू बनाए रखा। नये साल के मौके पर कुछ नया और सकारात्मक साझा करने के उद्देश्य से अपने मनोभाव को आपसे साझा किया। अब बात एक बार फिर यात्रा पर केंद्रित करते हैं। सेरेंगेट्टी नेशनल पार्क के बाद अब हमारा मुकाम गोरंगोरो नेशनल पार्क है। लाखों साल पहले ज्वालामुखी फूटने के चलते एक विशाल गहरा गड्ढा बना जो जैव विविधता के चलते अब विश्व धरोहर भी है। बिग फाइव प्राणियों में गेंडे की तलाश यहां आकर ही पूरी होती है। सेरेंगेट्टी से यहां तक का सफर आसान नहीं रहता। डामर विहीन पत्थरों से भरी सड़क पर चार से पांच घंटे बिताने के बाद ही आप यहां पहुंच पाते हैं।तन डोले कि मन डोले का मुकम्मल अहसास इस दौरान होता रहता है।

### तंजानिया से रायपुर का रिश्ता


तंजानिया के साथ रायपुर का भी भावनात्मक रिश्ता है। नया रायपुर में छोटे बच्चों की हृदय संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए स्थापित सत्य सांई हृदय संस्थान इस रिश्ते की वजह है। अभी तक तंजानिया से सात बच्चे उपचार के लिए यहां आ चुके हैं और प्रसन्नता की बात यह है कि उनमें से छह बच्चे निशुल्क इलाज सुविधा का लाभ उठ कर पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं।



# 2026 करेगा पांच राज्यों की 'सियासी-किस्मत' का फैसला

## पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और केरल से लेकर पुदुचेरी तक विधानसभा चुनाव

नया साल 2026 भी देश के लिए चुनावी साल रहने वाला है। 2026 में देश के पांच बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में सियासी पारा चढ़ने लगा है। राजनेता एक-दूसरी पार्टियों के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। हर राज्यों में मुकाबला एक अलग ही रंग में देखने को मिल सकता है। इस बार चुनाव कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है क्योंकि इन राज्यों में वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद वोटिंग होगी। एसआईआर के बाद बिहार में हुए चुनाव में एनडीए गठबंधन को बंपर जीत मिली है जबकि इंडिया गठबंधन को हार मिली थी। अब इन पांच राज्यों में चुनाव की बारी है। केरल को छोड़कर चार राज्यों में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। हालांकि चुनाव आयोग की तरफ से अभी आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं हुई है।




### असम

असम विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 21 मई 2021 से 20 मई 2026 तक है। यहां पर अप्रैल-मई 2026 में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इस राज्य के हर चुनाव में जाति, क्षेत्र और समुदाय का अहम रोल होता है। साल 2021 में असम विधानसभा चुनाव 126 सीटों पर तीन चरण में संपन्न हुए थे। वोटिंग 27 मार्च से 6 अप्रैल 2021 के बीच हुई थी जबकि वोटों की गिनती 2 मई को हुई थी। इस चुनाव में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 75 सीटों पर जीत दर्ज कर सत्ता बरकरार रखी है। इसी के नेतृत्व वाले महाजोत ने 50 सीटों पर जीत दर्ज की थी। अभी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा हैं, उन्होंने 10 मई 2021 को असम के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

### केरल

केरल विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 24 मई 2021 से 23 मई 2026 तक है। 140 सदस्यीय केरल विधानसभा के लिए चुनाव अप्रैल-मई 2026 में होने की संभावना है। साल 2021 में केरल विधानसभा चुनाव 6 अप्रैल 2021 को आयोजित किया गया था। चुनाव परिणाम 2 मई 2021 को घोषित किए गए थे। इस विधानसभा चुनाव में मौजूदा वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने 99 सीटों के साथ सत्ता बरकरार रखी थी।केरल विधानसभा चुनाव 2021 में सीपीआई (एम) को सबसे अधिक 62 सीटों पर जीत मिली थी। सीपीआई को 17 सीटों पर, आईयूएमएल को 15, कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत मिली थी. अन्य को 25 सीटें मिली थीं। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान पूरा जोर लगाया था लेकिन पिछले चुनाव में जीती एक सीट भी वह गंवा बैठी थी। वर्तमान में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन हैं।

### पुडुचेरी

पुडुचेरी में विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 16 जून 2021 से 15 जून 2026 तक है। यहां पर मई-जून 2026 में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। पुदुचेरी में साल 2021 में विधानसभा की कुल 30 सीटों के लिए चुनाव 6 अप्रैल को एक ही चरण में हुए थे। इस चुनाव में ऑल-इंडिया एनआर कांग्रेस (एनआरसी) और बीजेपी ने मिलकर कुल 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसमें एनआरसी ने 10 सीटें और बीजेपी ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की थी। एनआरसी संस्थापक एन रंगासामी ने 7 मई 2021 को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस बार यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।

### तमिलनाडु

तमिलनाडु विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 11 मई 2021 से 10 मई 2026 तक है। यहां पर अप्रैल-मई 2026 में विधानसभा चुनाव कुल 234 सीटों के लिए होने की संभावना है। यहां की राजनीति में काफी गहमागहमी होती है। इस राज्य के चुनाव में स्टार पावर, क्षेत्रीय दलों की ताकत और गठबंधन सभी बड़ा रोल निभाते हैं। साल 2021 में 6 अप्रैल 2021 को विधानसभा चुनाव हुआ था। इस चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने जीत दर्ज की थी। डीएमके ने अपने अकेले दम पर 133 सीटें हासिल की थी। डीएमके के साथ गठबंधन में रही कांग्रेस ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को करारी हार मिली थी। 10 सालों से तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज एआईडीएमके ने भाजपा के साथ गठजोड़ किया था लेकिन इस चुनाव में जहां भाजपा को सिर्फ 4 सीटों पर जीत मिली वहीं, एआईडीएमके को 66 सीटों पर ही विजय मिल सकी थी। एमके स्टालिन ने 7 मई 2021 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हमेशा तमिलनाडु की राजनीति गठबंधनों के समीकरणों पर टिकी रही है। विधानसभा चुनाव 2026 में डीएमके, एआईएडीएमके, कांग्रेस और बीजेपी चारों ही पार्टियां नए सिरे से रणनीति बना रही हैं।

### पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 8 मई 2021 से 7 मई 2026 तक है। यहां पर अप्रैल-मई 2026 में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 में कुल 294 सीटों पर हुए चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने प्रचंड जीत दर्ज की थी। टीएमसी को 213 सीटों पर जीत मिली थी जबकि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को 77 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। राष्ट्रीय सेक्युलर मजलिस पार्टी को एक सीट और एक सीट निर्दलीय के खाते में गई थी। कांग्रेस पार्टी का खाता तक नहीं खुला था, वहीं लेफ्ट का भी पत्ता साफ हो गया था। इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस हैट्रिक लगाने में कामयाब हुई थी। अब यह पार्टी चौथी बार सत्ता पर काबिज होना चाह रही है, तो वहीं बीजेपी भी हर हाल में इस बार बहुमत पाना चाह रही है। इस बार चुनाव में बीजेपी और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। उधर, कांग्रेस और लेफ्ट खुद के आधार को मजबूत करने की कोशिशों में लगे हैं। आईएसएफ-एआईएमआईएम और हुमायूं कबीर की नई पार्टी की अल्पसंख्यक मतदाताओं पर नजर है।

---

4 जिले के 4 फीसदी इलाके में सक्रिय नक्सलियों को नए साल में किया जाएगा टारगेट

## लौटी बस्तर की सांस, अब सिर्फ 400 वर्ग किमी में ही नक्सलवाद







अब बचे लगभग 150 वर्दीधारी होंगे निशाने पर, 31 मार्च तक सफाए का रहेगा प्रयास

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त भारत के ऐलान के बाद वर्ष 2025 में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में सुरक्षाबलों को अभूतपूर्व सफलता मिली थी। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मांद में घुसकर ऑपरेशन किया और एक ही साल में करोड़ों के ईनामी 256 नक्सलियों को एनकाण्टर में ढेर कर दिया। वहीं साल भर में करोड़ों के ईनामी सर्वाधिक 1562 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर पुलिस के सामने हथियार डाल दिया। गत वर्ष मिली सफलता को बरकरार रखते हुए अब वर्ष 2026 में बचे हुए नक्सलियों को टारगेट करने रणनीति तैयार है, फोर्स का प्रयास रहेगा कि 31 मार्च तक नक्सलवाद का सफाया करते हुए बस्तर में पूर्ण शांति बहाल किया जा सके।

दशक भर पहले तक नक्सलियों का बस्तर के 42 हजार वर्ग किमी में एकछत्र राज हुआ करता था, जो धीरे धीरे कम होते हुए वर्तमान में सिमटकर 4 सौ वर्ग किमी तक ही रह गया है, जो संभाग के 4 जिले में अलग अलग इलाके में सक्रिय नजर आ रहे हैं। फोर्स का पूरा फोकस इन नक्सलियों को केन्द्र के ऐलान के मुताबिक 31 मार्च तक समर्पण या मुठभेड़ में मार गिराया जाएगा। जिसके लिए पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है।

### मिशन 2026 के तहत निर्णायक सुरक्षा से स्थायी शांति की ओर बस्तर अग्रसर

गौरतलब है कि बस्तर रेंज ने हाल के वर्षों में वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष में निर्णायक और ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आसूचना आधारित सटीकअभियानों के माध्यम से माओवादी शीर्ष नेतृत्व को कमजोर किया गया है, हथियारों की अभूतपूर्व बरामदगी सुनिश्चित हुई है तथा वरिष्ठ कैडरों सहित बड़ी संख्या में नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराया गया है। यही वजह है कि गत वर्ष प्रभावी क्षेत्र प्रभुत्व, सुदृढ़ अंतर-बल समन्वय तथा निरंतर परिचालन दबाव के परिणामस्वरूप नक्सली गतिविधियों पर निर्णायक बढ़त स्थापित हुई है। सुरक्षा परिदृश्य में आए इस सकारात्मक परिवर्तन से भय और अस्थिरता में उल्लेखनीय कमी आई है। जिससे शासन, विकास और सामान्य जीवन की बहाली के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है। बेहतर सुरक्षा स्थितियों ने अवसंरचना विकास को नई गति दी है तथा दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की है।



### मिशन 2026 के अंतर्गत बस्तर रेंज का स्पष्ट लक्ष्य



उग्रवाद के शेष प्रभावों का पूर्ण उन्मूलन, स्थायी शांति की स्थापना, पुलिस जन विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना तथा विकास के प्रत्येक अवसर को निर्बाध रूप से जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। बस्तर पुलिस, सुरक्षा बलों, स्थानीय प्रशासन तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बस्तर हिंसा के अतीत से निकलकर शांति, सम्मान और समावेशी विकास के भविष्य की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर हो। बस्तर रेंज मिशन 2026 के माध्यम से यह संकल्प दोहराती है कि जब समाज साथ चलता है और रणनीति जन केंद्रित होती है, तब स्थायी शांति केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सजीव वास्तविकता बनती है और हमारा नए साल में नक्सलमुक्त बस्तर का मिशन तैयार है।

-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर

---

## क्या मार्च तक छग होगा माओवाद से मुक्त, खुलेगा विकास का द्वार?

सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखे जा रहे नक्सलवाद को लेकर केंद्र सरकार दावा कर रही है कि इसे 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। सुरक्षाबलों ने पिछले एक साल में कई बड़े माओवादी नेताओं को मुठभेड़ में मार गिराया है। सैकड़ों नक्सलियों ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता अपना लिया है।

### 59 सीआरपीएफ बेस



2025 में स्थापित किए गए 59 सीआरपीएफ बेस में से सबसे ज्यादा (32) छत्तीसगढ़ में हैं। इसके बाद झारखंड और मध्य प्रदेश (नौ-नौ), महाराष्ट्र और ओडिशा (चार-चार) और तेलंगाना (एक) का स्थान है। ये ठिकाने उन दुर्गम वन क्षेत्रों में बनाए गए हैं जिन्हें पहले नक्सलियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता था। ये सुरक्षा चौकियां न केवल सुरक्षा बलों की पहुंच बढ़ाती हैं, बल्कि सड़क निर्माण, मोबाइल टावर और कल्याणकारी योजनाओं जैसी विकास गतिविधियों को सुरक्षा भी प्रदान करती हैं। ये बेस लगभग पांच किलोमीटर के अंतराल पर बनाए जाते हैं, जिससे आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके और नक्सलियों की आवाजाही पर लगाम लग सके।

### निशाने पर नक्सली

**21** जनवरी-2025 : मुठभेड़ में खूंखार नक्सली जयराम उर्फ चलपति की मौत

**21** मई-2025 : अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों ने बसवा राजू उर्फ गगन्ना को मार गिराया

**07** जून-2025 : एक करोड़ का ईनामी केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया

**18** नवंबर-2025 : डेढ़ करोड़ रुपए का ईनामी शीर्ष नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा का एनकाउंटर

**26** दिसंबर-2025 : ओडिशा के कंधमाल जिले में एक करोड़ के ईनामी गणेश उईके समेत छह नक्सली मारे गए।

**रायपुर।** नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार का अभियान तेजी से चल रहा है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 2019 से अब तक छह नक्सल प्रभावित राज्यों में कुल 229 फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किए हैं। ये बेस नक्सल प्रभावित इलाकों में प्रशासन की पहुंच बढ़ाने और वहां सुरक्षा बनाए रखने के लिए बनाए गए हैं।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) का मुकाबला करने के लिए सरकार की सुरक्षा रणनीति में एफओबी (फुटपोस्ट) एक महत्वपूर्ण घटक रहे हैं। इन ठिकानों की स्थापना केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने की है, जिनमें सीआरपीएफ और उसकी विशेष इकाइयां शामिल हैं। ये ठिकाने दूरस्थ, वन क्षेत्रों और उग्रवाद-प्रवण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिन्हें पहले नक्सली समूहों का गढ़ माना जाता था। कुल 229 फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) में से अब तक सबसे ज्यादा 59 बेस स्थापित किए गए हैं। इससे पहले 2024 में 40, 2023 में 27, 2022 में 48, 2021 में 29, 2020 में 18 और 2019 में आठ स्थापित किए गए हैं। ये एफओबी छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड और तेलंगाना में स्थापित किए गए हैं।

### छह नक्सल प्रभावित राज्यों में 229 फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस




### सरकार की ऐसी तैयारी

संसद के हाल ही में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र में राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सूचित किया कि नक्सल प्रभावित राज्यों में तैनात सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने 2019 से अब तक कुल 377 फ्रंट ऑफ बोर्न (एफओबी) स्थापित किए गए हैं। इसमें 2025 में 74, 2024 में 71, 2023 में 51, 2022 में 66, 2021 में 51, 2020 में 40 और 2019 में 24 शामिल हैं।



### नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या घटी

गृह मंत्रालय की दी गई जानकारी के अनुसार, नक्सलवाद से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना 2015 के प्रभावी कार्यान्वयन से ऐतिहासिक परिणाम मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 2018 में 126 थी, वो अक्टूबर 2025 तक घटकर मात्र 11 रह गई है। अब केवल तीन जिले 'अत्यधिक प्रभावित' श्रेणी में हैं। इसके साथ ही 2010 में हिंसा की 1936 घटनाएं हुई थीं, जो 2025 में घटकर 218 (89% की कमी) रह गईं। रिपोर्ट में बताया गया कि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतें 2010 के 1005 से घटकर 2025 में 93 (91% की कमी) रह गई हैं। 2025 में ( एक दिसंबर तक), सुरक्षा बलों ने 335 उग्रवादियों को निष्क्रिय किया, जबकि 942 को गिरफ्तार किया और 2,167 को आत्मसमर्पण करने लिए प्रेरित किया।

### 2025 में छत्तीसगढ़ का ऐसा हाल

**1562** नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा

**256** नक्सली मुठभेड़ के दौरान मारे गए

**884** नक्सलियों को भेजा गया जेल

**23** जवानों ने दी शहादत हुई

**46** ग्रामीण भी मारे गए

**45** हथियार बरामद किए गए

**875** आईईडी जब्त किए गए

# सीओडी से लगी रक्षा भूमि का व्यापक सर्वे, पहली बार अतिक्रमणकर्ता चिह्नित

**जबलपुर।** सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) से लगी रक्षा मंत्रालय की बेशकीमती जमीनों का व्यापक स्तर पर सीमांकन और सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। इस सर्वे की खास बात यह है कि पहली बार केवल जमीन की नपाई ही नहीं, बल्कि उस पर काबिज अतिक्रमणकर्ताओं की भी स्पष्ट पहचान की जा रही है। अवैध निर्माणों को सेटेलाइट इमेज के माध्यम से रिकॉर्ड में दर्ज किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी तरह के विवाद या हेराफेरी की गुंजाइश न रहे।

यह सर्वे रक्षा संपदा विभाग (डीईओ) की अगुवाई में किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय सैन्य प्रशासन, जिला प्रशासन और कैंट बोर्ड के अधिकारी भी शामिल हैं। संयुक्त टीम जमीन के वास्तविक भू-स्वामित्व, सीमाओं और वर्तमान स्थिति का मिलान पुराने रिकॉर्ड और आधुनिक तकनीक के जरिए कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, यह प्रक्रिया पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।



गोकलपुर मार्केट की दुकानों की नपाई, सेटेलाइट इमेज से अवैध निर्माण रिकॉर्ड में दर्ज

### गोकलपुर मार्केट पर विशेष फोकस

सर्वे के तहत गोकलपुर मार्केट की दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की भी नपाई की जा रही है। यह इलाका पूरी तरह रक्षा मंत्रालय की जमीन के अंतर्गत आता है। ऐसे में सर्वे पूरा होने के बाद अतिक्रमण की स्थिति साफ होते ही अवैध कब्जों पर कार्रवाई लगभग तय मानी जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जिन दुकानों या निर्माणों के पास वैध स्वामित्व के दस्तावेज नहीं होंगे, उन्हें हटाया जा सकता है।

### बड़े-बड़े शोरूम, पर दस्तावेज नदारद

बताया जा रहा है कि सर्वे के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। भूमि रिकॉर्ड में रक्षा मंत्रालय के नाम दर्ज जमीन पर बड़े-बड़े शोरूम और पक्के निर्माण खड़े पाए गए हैं। जब सर्वे टीम ने जमीन पर काबिज व्यापारियों से स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज मांगे, तो अधिकांश के पास केवल नगर निगम या अन्य स्थानीय निकायों द्वारा जारी टैक्स की रसीदें ही मौजूद थीं। स्वामित्व या लीज से संबंधित वैध कागजात किसी के पास नहीं मिले।

### 'सेटिंग' के सहारे अवैध निर्माण का खुलासा

जानकारों के मुताबिक, शासकीय और रक्षा मंत्रालय की बेशकीमती जमीन पर वर्षों से कथित 'सेटिंग' के सहारे अवैध निर्माण कर लिए गए थे। अब रक्षा मंत्रालय की सख्ती और संयुक्त सर्वे के चलते पूरे घालमेल की परतें खुलती नजर आ रही हैं। सेटेलाइट इमेज के साथ हर निर्माण को रिकॉर्ड में दर्ज किए जाने से यह साफ हो गया है कि आगे किसी भी स्तर पर बचाव की गुंजाइश बेहद कम होगी।

### आगे क्या

अधिकारियों का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट तैयार होते ही उसे उच्च स्तर पर भेजा जाएगा। इसके बाद अवैध कब्जों को हटाने, निर्माणों को ध्वस्त करने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। रक्षा मंत्रालय की जमीन होने के कारण कार्रवाई कड़ी और समयबद्ध होने की संभावना जताई जा रही है।



# शक्तिभवन में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी और पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालकों मनजीत सिंह और सुनील तिवारी ने शक्तिभवन में नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजित कर विद्युत अभयिंताओं और कर्मियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी के उत्कृष्ट और संयुक्त प्रयास से विद्युत कंपनियां अपने लक्ष्य हासिल कर सकेंगी और उपभोक्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित की जा सकेगी।

समारोह का आयोजन एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन कार्यालय के संयोजन में ब्लॉक नंबर 14-15 के समक्ष किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्युत अभयिंता और कर्मचारी उपस्थित रहे। सुनील तिवारी ने कहा कि पिछले वर्ष की चुनौतियों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और आशा है कि सभी कर्मियों के सम्मिलित प्रयास से वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे होंगे। उन्होंने सभी कर्मियों की चुनौतियों का सामना करने और उन्हें सफलतापूर्वक निष्पादित करने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। कार्यपालक निदेशक राजीव गुप्ता ने पिछले वर्ष कर्मचारियों के हित में क्रियान्वित कैशलेस स्वास्थ्य योजना, अनुषंगी लाभ और स्वच्छ वातावरण में शुरू की गई केन्टीन का उल्लेख किया और नए वर्ष में भी कर्मचारियों के कल्याण के लिए निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीमा योजनाओं पर फेसबुक लाइव बुधवार 7 जनवरी को

**जबलपुर।** शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों पर आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी कठिनाइयों के निराकरण की कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की नवाचारी पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा फेसबुक लाइव का चौथा कार्यक्रम सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं पर बुधवार 7 जनवरी को शाम चार बजे से होगा।

जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक पेज ₹कलेक्टर जबलपुर₹ पर प्रसारित होने वाले फेसबुक लाइव के इस कार्यक्रम से जुड़कर जिले के नागरिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही इन योजनाओं से संबंधित अपनी कठिनाइयों का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे।

फेसबुक लाइव के इस कार्यक्रम में प्रभारी सयुंक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े प्रश्नों का जबाब देंगे। वहीं, लीड बैंक मैनेजर दिवाकर ठाकुर द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से जुड़ी नागरिकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से जुड़े विषयों पर आम नागरिक अपने प्रश्न कमेंट्स के माध्यम से कर सकेंगे।

# मरही माता का मनाया गया जन्मोत्सव

**जबलपुर।** मरही माता भक्त परिवार के द्वारा भानतलैया कंचन तलैया स्थित मरही माता मंदिर में माता का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मरही माता के जन्मोत्सव पर मंदिर में सुबह से ही पूजन, पाठ, अनुष्ठान व सुन्दर कांड का आयोजन किया। जिसके उपरांत हवन और विशाल भंडारा किया गया। जिसमें भारी मात्रा में श्रद्धालुजन पहुंचे। वहीं शाम को महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें उपस्थित होकर श्रद्धालुजनों ने धर्म लाभ अर्जित किया।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी का नववर्ष 2026 कैलेंडर विमोचित



जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर और मुख्य अभियंता मानव संसाधन संजय जैन ने शक्तिभवन में कंपनी का नववर्ष 2026 कैलेंडर विमोचित किया। इस अवसर पर पावर जनरेटिंग कंपनी के वरिष्ठ अभियंता और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि नववर्ष 2026 सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति लेकर आए। उन्होंने कहा कि यह नया साल नए अवसरों का प्रतीक है और सभी अभियंता एवं कर्मचारी नई ऊर्जा, संकल्प और समर्पण के साथ चुनौतियों का सामना करते हुए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर हों।कैलेंडर में कंपनी की प्रमुख उपलब्धियों, मील के पत्थर और तकनीकी दक्षताओं को प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया है। इसमें विद्युत उत्पादन की प्रगति, हीट रेट में कमी, विशिष्ट तेल के उपभोग में कमी और अन्य महत्वपूर्ण प्रदर्शन संकेतकों को शामिल किया गया है, जो कंपनी के मूलमंत्र को उजागर करते हैं। ऊर्जा संरक्षण पर विशेष फोकस के तहत, कैलेंडर में कंपनी के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा बनाई गई रचनात्मक और प्रेरक चित्रकला को भी शामिल किया गया है, ताकि जन-जागरूकता बढ़े और भावी पीढ़ी में ऊर्जा के महत्व और संवेदनशीलता का विकास हो।

# नववर्ष पर वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने में करें सहयोग : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जबलपुर के सभी नागरिकों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी है। साथ ही जबलपुर के युवा वर्ग से अपील की है कि अपने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग परिवारजनों के एवं अपने जान पहचान के सभी बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड स्वयं निःशुल्क बनाकर नए वर्ष में उनको आयुष्मान योजना के 5 लाख तक के वार्षिक निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ का उपहार दे सकते है। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाना अब आसान हो गया है। घर में अपने मोबाइल से आयुष्मान कार्ड आसानी से बनाया जा सकता है। इस संबंध में एनएचए द्वारा वीडियो जारी कर जानकारी साझा की गई है।

### पंखे में फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत थापक मोहल्ला में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार थापक मोहल्ला पाटन निवासी 42 वर्षीय चंदू चौधरी ने अपने घर पर छत के पंखे में कपड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि चंदू अपने बड़े भाई मेघराज चौधरी के यहां खाना खाता था। गुरुवार को मेघराज खाना लेकर अपने चंदू के घर गया तो देखा चंदू फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



# पश्चिम मध्य रेलवे की आपदा प्रबंधन योजना और राजभाषा मार्गदर्शिका का हुआ विमोचन

**जबलपुर।** नववर्ष 2026 के प्रथम कार्य दिवस पर पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने मुख्यालय में सुरक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित आपदा प्रबंधन योजना भाग-2 के 16वें संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी और मुख्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

इस योजना में रेल आपदाओं की स्थिति में कर्मचारियों की भूमिकाएं, प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र राहत देने के उपाय, रेलवे स्टेशनों और अन्य महत्वपूर्ण इंस्टालेशनों के संपर्क नंबर, पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, भारतीय सेना एवं वायु सेना, निकटतम चिकित्सालय, अग्निशमन केंद्र और आवश्यक सामग्री आपूर्ति एजेंसियों के संपर्क विवरण शामिल हैं। प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह योजना रेल कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी है और इसे प्रत्येक वर्ष अपडेट किया जाता है। इस संस्करण की इलेक्ट्रॉनिक प्रति भी जारी की गई है, ताकि मोबाइल और कंप्यूटर पर आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके। महाप्रबंधक ने सुरक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की और सभी रेल कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि वे इस योजना का प्रभावी उपयोग कर आपदा की तीव्रता को कम करेंगे। समान अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे की राजभाषा मार्गदर्शिका-2026 का भी विमोचन श्रीमती बंदोपाध्याय द्वारा किया गया।

# प्रयागराज माघ मेला 2026: अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनें और अतिरिक्त ठहराव

जबलपुर। माघ मेला 2026 के अवसर पर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज-सतना एवं प्रयागराज छिवकी-सतना के मध्य अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

### स्पेशल ट्रेनें

00301 प्रयागराज-सतना अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनः 03, 04, 15, 16, 18, 19, 23, 24 जनवरी और 01, 02, 15, 16 फरवरी 2025 को (12 ट्रिप), प्रयागराज स्टेशन से शाम 6:20 बजे प्रस्थान, अगले दिन 12:30 बजे सतना स्टेशन पहुँच।

00501 प्रयागराज छिवकी-सतना अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनः 03, 04, 15, 16, 18, 19, 23, 24 जनवरी और 01, 02, 15, 16 फरवरी 2025 को (12 ट्रिप), प्रयागराज छिवकी स्टेशन से शाम 6:55 बजे प्रस्थान, अगले दिन 1:00 बजे सतना स्टेशन पहुँच।

### ठहराव स्टेशन

नैनी, शंकरगढ़, बरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, टिकरिया, मझगवां और जैतवार। विस्तृत समय-सारिणी के लिए रेलवे एनक्वायरी वेबसाइट या एनटीईएस ऐप देखें।

### अतिरिक्त ठहराव

माघ मेला के दौरान पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 14 ट्रेनों को प्रयागराज रामबाग और झूसी स्टेशन पर 2 मिनट अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। इसमें जयनगर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस, दरभंगा–पुणे, रक्सौल–एलटीटी, बनारस–उधना और अन्य प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व ट्रेन संख्या, तिथि और समय-सारिणी की पुष्टि आधिकारिक रेलवे वेबसाइट, एनटीईएस ऐप या नजदीकी रेलवे स्टेशन से अवश्य कर लें।

# नए वर्ष के प्रथम दिवस पर मुनिश्री ने करवाई शांति धारा

**जबलपुर।** श्री पिसनहारी तीर्थ में नई वर्ष की शुरुआत के अवसर पर सकल जैन समाज ने मंगल महामस्तिष्काभिषेक और शांतिधारा का आयोजन कर विश्व शांति की कामना की। सुबह से ही पीले वस्त्र पहने, हाथों में कलश लिए श्रद्धालु 1008 महावीर मंदिर जी में एकत्रित हुए। 108 आचार्य समयसागर के परम शिष्य पूज्य 108 निर्दोषसागर, 108 निरूपम सागर, 108 निर्लोभ सागर जी और 105 आर्यिका तपोमती माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में ब्रह्मचारी आशुतोष भैया एवं ब.ब्र. बबली दीदी के निर्देशन में 24वें तीर्थंकर 1008 महावीर स्वामी की श्वेत धवल पाषाण प्रतिमा एवं 11 धातु प्रतिमाओं का महामस्तिष्काभिषेक और पूजन सम्पन्न हुआ। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में विश्व में अहिंसा और अनेकांतवाद की भावना बढ़ाने, तथा "जियो और जीने दो" के मूल सिद्धांत के आधार पर शांति का बीज रोपने की प्रेरणा दी। वर्ष 2025 में फैली हिंसा और अशांति को शमन करने के लिए श्री नंदीश्वर द्वीप के 52 जिनालयों और पंचमेरू की प्रतिभाओं का महामस्तिष्काभिषेक और शांतिधारा भी मुनि श्री के प्रवचन से सम्पन्न हुआ। इस गरिमामयी आयोजन का संचालन अमित पड़रिया ने किया और संगीतमय पूजन-अभिषेक संगीता जैन, पुरवा द्वारा संपन्न कराया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र मम्मा, उपाध्यक्ष संजय चौधरी, महामंत्री संजय अरिहंत जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड मंत्री कैलाशचंद मट्टू और कार्य सदस्य दिनेश चौधरी ने तीर्थ में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



# अधारताल तिराहा क्षेत्र में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच और दवा वितरण शिविर

**जबलपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा सेठ गोविन्ददास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वारीघाट, पूर्णायु आयुर्वेद चिकिस्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ, तिलवाराघाट के संयुक्त तत्वावधान में 4 जनवरी दिन रविवार को सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक अधारताल तिराहा के समीप वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र संस्था देवजी नेत्रालय के सहयोग से विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए पीड़ितों का चयन के साथ कांचियाबिन्द, अख्सूर, रेटीना एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच निःशुल्क की जाएगी।



शिविर में शहर के विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ जैसे कि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अलका अग्रवाल, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सक डॉ पंकज मिश्रा एवं महाविद्यालय की टीम, बीएचएमएस होम्योपैथी डॉक्टर रीता शर्मा, एमडी, डीएनबी, चेस्ट एवं निद्रा रोग विशेषज्ञ डॉ स्पंदन विश्वास, एमबीबीएस, डीअर्थो, एक्स कंसल्टेन्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मोहसिन अंसारी, इंटरवेन्शनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राहुल दारनुले, एमडी, छाती, दमा, फेफ ड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षित श्रीवास्तव, एमडी, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ सागर जायसवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शालिनी अग्रवाल, आयुर्वेद डॉक्टर डॉ वेदांत गुप्ता एवं डॉ शुभम जैन व डॉक्टरों की टीम शिविर के दौरान आने वाले पीडितों को निःशुल्क परामर्श, जांच, उपचार व दवा प्रदान करेगी। इसके अलावा शिविर में बीपी, शुगर लिपिड प्रोफाईल, ईसीजी आदि की भी जांच निःशुल्क होगी। शिविर में उपस्थिति की अपील हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा की गई है।

# अभी तक खरीदी गई 21 लाख 48 हजार क्विंटल धान

### किसानों को 316 करोड़ रूपये का भुगतान

जबलपुर। जिले में एक दिसम्बर से प्रारंभ हुए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के कार्य के तहत अभी तक 31 हजार 087 किसानों से 21 लाख 47 हजार 795 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है और 49 हजार 261 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये हैं। खरीदी गई धान का अभी तक 316 करोड़ 48 लाख रूपये का भुगतान भी किसानों को किया जा चुका है। धान उपार्जन के लिए जिले में 89 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने 55 हजार 091 किसानों द्वारा 88 हजार 858 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन कराया गया है। जिले में इस वर्ष किसानों से 4 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिले में इस वर्ष एक दिसम्बर से धान का उपार्जन कार्य प्रारंभ किया गया था और किसानों से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जायेगी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने पंजीकृत किसानों से धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय हेतु उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर को स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी।

## दिनभर चला शुभकामनाओं का दौर, घाटों पर भी लगा मेला

# भोर के साथ नए वर्ष के पहले दिन नर्मदा तटों, देवालयों से लेकर पार्क तक उमड़ी भीड़



**जबलपुर।** नए वर्ष के स्वागत में जहां बुधवार आधी रात बाद तक लोगों ने जागकर इस साल का स्वागत किया वहीं गुरुवार को बडी संख्या में लोगों ने शहर के आसपास के पर्यटन स्थलों , पार्कों , शहर के उद्यानों में परिवार के साथ नए साल का पहला दिन गुजारा। यही नहीं शहर से लेकर ग्रामंचलों तक देवालयों में भक्तों की भारी भीड दोपहर तक एक सी बनी रही।

सभी भगवान के दर पर नए वर्ष के पहले दिन मंगल कामनाओं को लेकर माथा टेकने पहुंचते रहे। नौकरी पेशा लोग जो कहीं नए साल के पहले दिन परिवार के साथ सर सपाटे पर नहीं जा सके वे अपने आफिस में ही साथी कर्मचारियों के साथ शुभकामनाएं देकर चाय नाश्ते में ही खुश रहे।

### पब में फूहडता की खबर पर पहुंचे हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

शहर की स्वनाम धन्य होटलों और पबो में न्यू ईयर पार्टियों में जमकर नाच गाना चला। इस दौरान जमकर जाम भी छलके। कुछ होटलों और पबों में आधी रात तक पार्टी के नाम पर अश्लीलता और फूहड़ता का भी प्रदर्शन होने के समाचार है। ऐसी ही एक सूचना पर बीती रात विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकता सडकों पर उतर आए। जहां दीनदयाल चौक स्थित एक पब में देर रात बज रहे डीजे और शराब परोसे जाने की सूचना पर पहुंचे कार्यकर्ता मौके पर ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन कर आयोजन को बंद कराने नारेबाजी की। हंगामे और नारेबाजी की सूचना पाकर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला ज्यादा आगे नहीं बढ सका। अंतत आयोजन को समाप्त कर दिया गया।



### पुलिस के रहे पुख्ता बंदोबस्त

यहां नए साल के मद्देनजर जबलपुर पुलिस के द्वारा खास इंतजाम किए गए थे। सडकों पर ड्रिंक और ड्राइव करने वाले और अमानक नंबर और संदिग्ध वाहनों के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हर आने जाने वाली चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहनों की सघन चैकिंग की गई, साथ ही ब्रीथ एनेलाइजर के जरिये शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। जो बहका उसे पुलिस ने रात भर का अपना मेहमान बनाया। बहरहाल पुराने वर्ष की विदाई के साथ ही नए वर्ष ने सूरज की पहली किरण के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी है।

### हाऊसफुल रहे शहर के पिकनिक स्पॉट

नये वर्ष की पूर्व संध्या पर जहां होटलों, क्लबों और कालोनियों में जश्न मनाया गया, वहीं मध्यम वर्गीय आम परिवार के लोगों ने नये वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को पिकनिक मनाकर नये साल की खुशियां मनाई। शहर के तमाम पिकनिक स्पॉट भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट, बरगी बांध, टैमर फाल, भंवरताल उद्यान, शैलपर्ण उद्यान, देवताल, टैगोर उद्यान में पिकनिक मनाने वालों की भीड़भाड़ रही। पिकनिक स्पॉटों पर होटलों मॉल व रेस्टोरेंटों में भीड़ रही, वहीं बहुत से लोग घरों से खाना बनाकर ले गये थे। उद्यानों में बच्चों ने झूलों का आनंद उठाया। सरकारी दफ्तरों में भी नये वर्ष का माहौल रहा। लोग एक-दूसरे को बधाईयां और शुभकामनाएं देते रहे। नाच-गाकर लोगों ने नये साल की खुशियां मनाईं। इस पाश्चात्य संस्कृति से दूर धार्मिक, आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों ने सुबह जल्दी उठकर स्नान ध्यान किया, वहीं बहुत सारे लोग नर्मदा तटों पर स्नान करने गये और हवन-पूजन दान आदि किया।

नये वर्ष की पूर्व संध्या से शुरू हुई धूमधाम नये वर्ष के पहले दिन भी जारी रही। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सरकारी दफ्तरों से अधिकांश लोगों ने अवकाश ले रखा था। सब लोग पिकनिक मनाने के मूड में रहे। नये वर्ष पर सुबह से देर शाम तक पार्टियों का दौर चलता रहा और लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं व बधाईयां देते रहे।



## इंडिया सेलेब्रेशन ने मनाया नववर्ष

**जबलपुर।** नववर्ष के अवसर पर शहर में इंडिया सेलेब्रेशन का भव्य आयोजन किया गया, जहाँ नागरिकों ने आपसी भाईचारे, शांति और उल्लास के साथ नए साल का स्वागत किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन, देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने नववर्ष को नई सोच, नई ऊर्जा और समाज सेवा के संकल्प का प्रतीक बताया। आयोजन में बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजकों ने समाज में सकारात्मकता, सौहार्द और राष्ट्रप्रेम को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं और देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्रीमद् भागवत कथा में माखन चोरी, गोवर्धन पूजा से भक्त हुए भावविभोर

**जबलपुर।** श्री खेरमाई, संतोषी माता, खाटू श्याम मंदिर महगवां डुमना रोड में शिव शक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 27 दिसम्बर से 04 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। कथा का वाचन वेद व्यास मनु महाराज द्वारा किया जा रहा है, जिसमें समस्त ग्रामवासी धर्म लाभ उठा रहे हैं। कथा के छठवें दिन 01 जनवरी को माखन चोरी, गोवर्धन पूजा का वृतांत मनु महाराज ने सुनाया। इस मौके पर घनश्याम यादव, इंद्र कुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय सर्व जनजाति सेना, शैलेश सिंह लोधी भाजपा नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया गया एवं गुरु माता संतोषी गुरु का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर गुलाब कुलस्ते, उमा उइके, गोविन्द धुर्वे सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## डॉ. मीना गुप्ता की कृति 'अंतस चेतना' का विमोचन सम्पन्न



**जबलपुर।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में आर्य समाज भवन में वरिष्ठ साहित्यकार व सेवानिवृत्त शिक्षाविद डॉ. मीना गुप्ता की काव्य कृति 'अंतस चेतना' का विमोचन एवं सृजन पर विमर्श समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नारी सृजन, नारी मनोविज्ञान एवं समाज की अंतस चेतना पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. इला घोष रहीं तथा अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की। सारस्वत अतिथियों ने कहा कि 'अंतस चेतना' की कविताओं में मानव मूल्य, धर्म, दर्शन, राग-विराग और अध्यात्म का सशक्त समन्वय है। डॉ. मीना गुप्ता ने कहा कि सांसारिक कोलाहल के बीच कविता मनुष्य को चेतना प्रदान करती है। समारोह में विभिन्न साहित्यकारों एवं संस्थाओं द्वारा कवयित्री का अभिनंदन किया गया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया तथा आभार प्रदीप गुप्ता एवं सोनल अग्रवाल ने माना। बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति रही।

## जगद्गुरु स्वामी शंकराचार्य दंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में ध्वज पूजन संपन्न

**जबलपुर।** अखिल भारतीय माँ नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति जबलपुर द्वारा माघ मास कल्पवास 11वाँ वर्ष योगाचार्य डॉक्टर शिव शंकर पटेल की प्रेरणा से सीताराम आश्रम सरस्वतीघाट भेड़ाघाट में आयोजित किया गया। कल्पवास के प्रथम दिवस पर कल्पवासियों की भव्य श्रृंखला में 108 ध्वजों के साथ विराट कलश यात्रा सीताराम आश्रम से सरस्वती घाट मां नर्मदा तट की ओर धर्म प्रेमी बंधु प्रस्थान करेंगे, आज परम पूज्य श्रीमद् प्रयागपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में डॉ. विजयकांत तिवारी की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के साथ ध्वज पूजन संपन्न किया गया। महाराज जी ने बताया कि मंदिर के शीर्ष पर लगा ध्वज पवित्र परिसर में दिव्य देवता की उपस्थिति का प्रतीक है। यह प्रकाश की किरण के रूप में कार्य करता है,



भक्तों को दिव्य उपस्थिति की ओर मार्गदर्शित करता है और नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसा माना जाता है कि हवा में ध्वज के लहराने से मंदिर और उसके उपासकों के चारों ओर एक सुरक्षा कवच बनता है, जो उन्हें हानि से बचाता है और उनके कल्याण को सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सहसचिव दीपक तिवारी, नितिन चौबे, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, सत्य प्रकाश श्रॉफ, गुड्डा अग्रवाल, सत्य प्रकाश नामदेव, देवव्रत स्वामी, पप्पू चौबे, केएल दीक्षित, जितेंद्र शर्मा, चंद्र कुमार पटेल, छन्नू राम पटेल, मुकेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर भारतीय स्टेट बैंक ने छात्राओं को किया साइकल का वितरण



**जबलपुर।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अन्तर्गत, नववर्ष के उपलक्ष्य में एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए 1 जनवरी 2026 को जबलपुर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को स्कूल जाने हेतु साइकल का वितरण भारतीय स्टेट बैंक जबलपुर अंचल के उप महाप्रबंधक हरेराम सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय प्रबंधक अर्जुन सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र-2 के क्षेत्रीय प्रबंधक शअमित भगत एवं भारतीय स्टेट बैंक जबलपुर के अन्य सहायक महाप्रबंधकगण भी उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस अंतर्गत हुआ सुंदरकांड पाठ



**मझौली।** नगर मझौली की समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्थानीय विधायक अजय विश्नोई के आवाहन पर वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम की सफलता के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम के भजनों एवं सुंदरकांड पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन में आशीष तिवारी, लल्ला गोटियां, दीपक तिवारी, प्रतापभानु साहू, उमाकांत कोष्टा, शिवकुमार प्रजापति, शांतनु राठौर, पंडित अरुण तिवारी, अनुराग दुबे, प्रिंस साहू, सचिन चौधरी, राहुल चौधरी सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे। आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता और समाज में सद्भाव की कामना की।

## सिवनी मालवा ने प्रयागराज को हराकर अगले दौर में किया प्रवेश

**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 का चौथा लीग मैच प्रयागराज और सिवनी मालवा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 140 रन बनाए। टीम की ओर से देवांश पाठक ने 39 और सुजल सोनकर ने 36 रनों का योगदान दिया। सिवनी मालवा के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सौरभ पंडित ने 3 विकेट तथा कप्तान अभिनव काजले ने 2 विकेट प्राप्त किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी मालवा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 32 रन पर उसके 4 विकेट गिर गए,



लेकिन इसके बाद प्रथमेश के 30 और सागर की नाबाद 59 रनों की शानदार पारी की बदौलत टीम ने 15 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए सौरभ पंडित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच के निर्णायक अनुराग दुबे एवं अमित रैकवार रहे। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला कल दोपहर 12 बजे बीसीसीएन नागौद और सिवनी मालवा के बीच खेला जाएगा। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल, रजनीश कुररिया, सुनील सोनकर (गामा), देवेंद्र दहिया एवं गुड्डू जैन उपस्थित रहे।

## गोहलपुर पुलिया चौड़ीकरण में देरी पर जनसंगठनों का आक्रोश

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिया के चौड़ीकरण कार्य में हो रही देरी को लेकर जनसंगठनों ने नगर निगम के रवैये पर सवाल उठाए हैं। 7 जनवरी 2024 को पुलिया की रेलिंग टूटने और ट्राला नाले में गिरने की घटना के बाद नगर निगम ने चौड़ीकरण का निर्णय लिया था, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका। वर्तमान में मात्र 20 फीट चौड़ी पुलिया के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मुद्दे पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से चर्चा कर चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो नगर निगम के समक्ष आंदोलन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि पूर्व में छह टेंडर जारी हो चुके हैं, पर कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। अब नई तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर 5 जनवरी तक नया टेंडर जारी किया जाएगा और शीघ्र कार्य शुरू कराया जाएगा। बैठक में जनसंगठनों के प्रतिनिधि एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।








**श्रीमती मीराबाई नामदेव-** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मटका संगीत के जनक स्व. रतनचंद नामदेव की पत्नी एवं कांग्रेस नेता मनोज नामदेव, अशोक नामदेव, स्व. सतीश नामदेव एड./नोटरी, सुशील नामदेव, प्रमोद, अनूप नामदेव की माताजी एवं एड. योगेश नामदेव, एड. शैलेष सतीश नामदेव, गौरव नामदेव, प्रतुल नामदेव की दादीजी समाजसेविका श्रीमती मीरा बाई नामदेव का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।



**श्री पियाडाडे एंथोनी बोर्जेस-** जहांगीर अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी रॉबिन व रूबी के पिता श्री पियाडाडे एंथोनी बोर्जेस का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज दोपहर 2.45 बजे कैथेड्रिल चर्च पेंटीनाका की ओर रवाना होगी। अंतिम संस्कार बिलहरी कब्रिस्तान में किया जायेगा।



**श्री विक्रम पटेल-** सुहागी सिक योरिटी कॉलोनी निवासी श्री मोहन, सोहन व शुभम के पिता श्री विक्रम पटेल (75) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार सुहागी श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश केसरवानी-** शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री सुरेश केसरवानी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कौशल प्रसाद गुप्ता-** शक्तिनगर भोले कुटि के पास निवासी श्री कौशल प्रसाद गुप्ता (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश पासी-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री राजेश पासी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुभाष शर्मा-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सुभाष शर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव-** अनुराधा कॉलोनी कजरवारा रोड निवासी श्री मिठाई लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुकेश झारिया-** महेशपुर प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री रज्जन झारिया के पुत्र श्री मुकेश झारिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री युवराज माली-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री युवराज माली (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गनेशी बाई कोरी-** ताम्रकार मोहल्ला पश्चिमी घमापुर निवासी श्री राधेश्याम कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई कोरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री संसार चंद्र डडवाल-** तिलहरी निवासी श्री संसार चंद्र डडवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री आरपी श्रीवास्तव-** नव आदर्श कॉलोनी गढ़ा रोड निवासी श्री आरपी श्रीवास्तव (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160




## मोहतरा टोल प्लाज़ा पर 37वें सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**सिहोरा।** नूतन वर्ष 2026 के अवसर पर मोहतरा टोल प्लाज़ा में 37वें सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिहोरा एसडीओपी आईपीएस आदित्य सिंघारिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर एनएचआईपी एमपीएल के मैनेजर अमन वर्मा एवं प्रोजेक्ट मैनेजर जी. क्रांति कुमार ने वाहन चालकों व टोल कर्मियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी। नियमों का पालन करने वाले चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों को पंपलेट्स व रिफ्लेक्टिव स्टिकर देकर सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संजय मिश्रा (एचआर), कमल सिंह (कॉरिडोर मैनेजर), लोकेन्द्र शर्मा (सुरक्षा अधिकारी) सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आगे भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## श्रीमद् भागवत महापुराण की कलशयात्रा आज

**जबलपुर।** सरस्वती मंदिर स्कूल प्रांगण रांझी में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति ज्ञान यज्ञ 02 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित है। ज्ञानयज्ञ की विशाल कलश शोभायात्रा आज दोपहर 01 बजे ढोल, धमाल, कलशधारी महिलाओं, मनमोहक मूर्तियों, सजीव झांकियों के साथ कथा स्थल से निकाली जाएगी। प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से शाम 06 बजे तक भागवताचार्य पं. चंदन दत्त महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रसंग गायक पं. अभिषेकदेव मिश्रा श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रवचनों की ज्ञानगंगा प्रवाहित करेंगे। आयोजक वासुदेव कुटुम्बकं जन जागरण संस्था शिष्य मंडल रांझी की श्रीमती मथुरा शिवहरे, यूआर बिहारे, मुकेश पटेल, उमा शर्मा, सरोज पटवा, अर्चना विश्वकर्मा, मुन्नी पटेल, नारायण पटेल, रज्जूलाल शिवहरे ने श्रद्धालुओं से आयोजन में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15445195H, RANK- SEP, NAME BHOSALE MADHAV VISHNU S/O VISHNU KISANHARI BHOSALE, OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.), R/O SOMANWADI, BEED MAHARASHTRA 431519 solemnly declare and affirm on oath under :- 1. I state that I am presently residing at the above mentioned address 2. I state that in my Father, Aadhar card my Father Name (VISHNU KISANHARI BHOSALE) which is true and correct but in my Army service Record my Father Name is recorded (BHOSALE VISHNU KISANHARI) Which is incorrect. 3. I state that the true and correct Name of my Father is (VISHNU KISANHARI BHOSALE) and same Name shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
(VISHNU KISANHARI BHOSALE)
INCORRECT NAME
(BHOSALE VISHNU KISANHARI)

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र. /118/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरजा राय आ. श्री राजेन राय निवास 45 फेस 2 अनंततारा रेसीडेंसी तिलहरी ने नजूल ब्लॉक नं. 23 प्लाट नं. 3/5 रकवा 20.700 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 20.700 व.फु./हे. पर विक्रयपत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ मृत्यु दिनांक 01/10/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण/पटवारी/डायवर्सन अनुसारी नजूल ब्लाक नं. 23 प्लाट नं. 3/5 रकवा 20.700 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन के नाम दर्ज है अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम सें दिनांक 05/01/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 19/12/2025
पेशी दनांक 05/01/2026

तहसीलदार
रांझी जबलपुर

# चीन का नए साल पर ऐतिहासिक फैसला, बदल दिया वॉलेट से मनी सिस्टम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नया साल शुरू होते ही चीन ने ऐसा फैसला लिया है, जिसने दुनिया के मनी सिस्टम को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चीन अब अपने डिजिटल युआन को सिर्फ पेमेंट के साधन से आगे ले जाकर बैंक डिपॉजिट जैसा बना रहा है। यानी डिजिटल वॉलेट में रखा पैसा ब्याज भी देगा और सुरक्षित भी रहेगा।

- वॉलेट में रखा पैसा भी सुरक्षा और ब्याज देगा

अब तक डिजिटल पैसा मतलब यूपीआई, पेटीएम, अलिपेय या वीचाट पे जैसे ऐप्स को समझा होगा। इनमें पैसा बस लेन-देन के लिए होता है। न उस पर ब्याज मिलता है, न वो बैंक में जमा पैसे जैसा माना जाता है। लेकिन चीन ने इसी सोच को बदल दिया है।

सबसे अहम बात यह है कि इस डिजिटल युआन वॉलेट को अब सीधे बैंकों की बैलेंस शीट पर रखा जाएगा। मतलब यह पैसा बैंक की जिम्मेदारी होगा। यही वजह है कि इसमें डिपॉजिट इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा।

## डिजिटल युआन को बैंक डिपाजिट जैसा बना रहा है

### डॉलर का क्या होगा?

असल में चीन एक नया सॉवरेन मनी रेल बना रहा है। यानी ऐसा डिजिटल सिस्टम, जो अमेरिकी डॉलर पर निर्भर नहीं होगा। अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए चीन ने हांगकांग को टेस्टिंग ग्राउंड बनाया है। वहां लोग डिजिटल युआन डाउनलोड करके पेमेंट कर सकेंगे. इसके अलावा चीन, हांगकांग, थाईलैंड और यूएई मिलकर एक्सपोर्ट-इंपोर्ट के भुगतान में डिजिटल युआन का इस्तेमाल शुरू कर चुके हैं।

*डॉलर पर निर्भरता कम होगी :* अगर भविष्य में ज्यादा देश इस सिस्टम से जुड़ते हैं, तो डॉलर पर निर्भरता कुछ हद तक कम हो सकती है। हालांकि डॉलर की ताकत रातों-रात खत्म नहीं होगी, लेकिन चीन ने साफ संकेत दे दिया है कि वह अपने पैसे का सिस्टम खुद कंट्रोल करना चाहता है। बड़ी तस्वीर में देखें तो यह फैसला सिर्फ टेक्नोलॉजी का नहीं, बल्कि ताकत का है। पैसा किसका चलेगा, किस सिस्टम से चलेगा और किस नियम पर चलेगा-चीन अब इसका जवाब खुद लिखने की कोशिश कर रहा है। और यही वजह है कि दुनिया भर की नजर इस फैसले पर टिकी हुई है।




*असर पेमेंट सिस्टम पर पड़ेगा :* अभी तक चीन में डिजिटल भुगतान का कंट्रोल काफी हद तक प्राइवेट कंपनियों जैसे अलिपेय और वीचॉट के पास रहा है। लेकिन अब डिजिटल पैसे का असली हाईवे सीधे चीन का केंद्रीय बैंक और सरकारी-निजी बैंक मिलकर बनाएंगे।

*आम आदमी के लिए इसका मतलब :* मान लीजिए आपके मोबाइल वॉलेट में 10,000 युआन पड़े हैं। पहले यह पैसा सिर्फ ट्रांजैक्शन के काम आता था। अब वही पैसा बैंक अकाउंट की तरह सुरक्षित भी रहेगा और धीरे-धीरे बढ़ेगा भी। यानी नकदी और बैंक डिपॉजिट के बीच का फर्क लगभग खत्म हो जाएगा। यहां यह समझना बहुत जरूरी है कि डिजिटल युआन कोई क्रिप्टोकरेंसी नहीं है। यह बिटकॉइन जैसा जोखिम भरा या अनियमित सिस्टम नहीं है।

### ई-सीएनवाई एक नए रूप में सामने आएगा

अब अगर किसी व्यक्ति के डिजिटल युआन वॉलेट में पैसा रखा है, तो उस पर ब्याज मिलेगा। यानी यह पैसा सिर्फ खर्च करने के लिए नहीं रहेगा, बल्कि बैंक में जमा पैसे की तरह काम करेगा। इतना ही नहीं, इस पैसे पर डिपॉजिट इंश्योरेंस जैसा सुरक्षा कवच भी होगा, जैसा सामान्य बैंक खातों में होता है।

## खबर संक्षेप

### मारुति की बिक्री दिसंबर में 22 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की दिसंबर 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 22.21 प्रतिशत बढ़कर 2,17,854 इकाई हो गई। दिसंबर 2024 में यह 1,78,248 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर की आपूर्ति सहित कुल घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,92,115 इकाई रही जबकि दिसंबर 2024 में यह 1,40,829 इकाई थी।

### टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की बिक्री में 14% का इजाफा




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. की बिक्री दिसंबर 2025 में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 50,519 इकाई रही। कंपनी ने 2024 के इसी महीने में कंपनी ने 44,289 वाहन बेचे थे। सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 13.1 प्रतिशत बढ़कर 50,046 इकाई रही, जबकि दिसंबर 2024 में यह 44,230 इकाई थी।

### हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री दिसंबर में 6.6 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया की दिसंबर 2025 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 6.6 प्रतिशत बढ़कर 58,702 इकाई रही। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बयान में कहा कि इसमें घरेलू बिक्री 42,416 इकाई और 16,286 इकाई का निर्यात शामिल हैं।

### टोयोटा की दिसंबर में बिक्री 33 प्रतिशत बढ़ी





**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की दिसंबर 2025 में बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 39,333 इकाई हो गई। यह दिसंबर 2024 में 29,529 इकाई रही थी। बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 34,157 इकाई रही। यह दिसंबर 2024 की 24,887 इकाई की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है।

### ऑडी इंडिया ने बीते साल 4,510 वाहन बेचे




**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने देश में साल 2025 में 4,510 वाहनों की खुदरा बिक्री की ऑडी इंडिया ने कहा कि उच्च प्रदर्शन और जीवनशैली से जुड़ी कारों की बिक्री में हुई बढ़ोतरी ने जीएसटी 2.0 के समर्थन के साथ मिलकर ग्राहकों के भरोसे को बढ़ाया और पूरे लक्जरी कार बाजार को समय पर मजबूती प्रदान की।

### स्कोडा की बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई




**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया की कैलेंडर वर्ष 2025 में कुल बिक्री दोगुना से अधिक होकर 72,665 इकाई हो गई। 2024 में यह आंकड़ा 35,166 इकाई था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह भारत में उसके 25 वर्ष के सफर के दौरान अब तक का सबसे मजबूत बिक्री प्रदर्शन है। 2025 में भारत में ब्रांड का 25 वर्ष पूरे हो गए। कंपनी के पास अब तक का सबसे उन्नत एवं विविध उत्पाद खंड है, साथ ही नेटवर्क और बाजार मौजूदगी के लिहाज से भी यह अपने सबसे व्यापक स्तर पर है।

# गेल गैस ने सीएनजी, घरेलू पीएनजी की कीमतें घटाई

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी



सार्वजनिक क्षेत्र की गेल गैस लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) और सीएनजी की कीमतों में क्रमशः एक रुपये प्रति मानक घन मीटर और एक रुपये प्रति किलो की कटौती करने की घोषणा की।

गैस कीमतों में कटौती का यह कदम पाइपलाइन शुल्क में हाल ही में किए गए समायोजन के बाद उठाया गया है। इसके एक दिन पहले ही देश की सबसे बड़ी शहरी गैस वितरक कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने दिल्ली और एनसीआर में घरेलू पीएनजी की कीमतों में 0.70 रुपये प्रति घन मीटर की कटौती की थी। इससे पहले, थिंक गैस ने भी सीएनजी में 2.50 रुपये प्रति किलो और पीएनजी में पांच रुपये प्रति घन मीटर तक की कटौती की घोषणा की थी। गेल इंडिया लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी गेल गैस लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि गैस की नई कीमतें बृहस्पतिवार से उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा में लागू हो गई हैं। लगातार प्रगतिशील नीतिगत उपाय लागू कर रहे हैं, जो सीएनजी और घरेलू पीएनजी बाजार के विकास के लिए अनुकूल और वित्तीय रूप से स्थायी माहौल तैयार कर रहे हैं।

### गैस का परिवहन सस्ता व सरल होगा

पीएनजीआरबी ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए युक्तिसंगत शुल्क संरचना की घोषणा की थी। एक जनवरी से यह संशोधित शुल्क ढांचा प्रभावी होने से गैस का परिवहन सस्ता और सरल हो जाएगा।

# सोना नए साल के पहले दिन मजबूत और चांदी फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना 640 रुपए बढ़कर 1,8,340 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,600 रुपए टूटकर 2,37,400 रुपए प्रति किलो

नये साल के पहले दिन बृहस्पतिवार को सोने में मजबूती रही और यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 640 रुपये बढ़कर 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,37,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 1,600 रुपये टूटकर 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बीते वर्ष के दौरान सोने और चांदी दोनों में तेजी शानदार रही। सोने ने 73.45 प्रतिशत का लाभ दिया। इस बीच, चांदी ने लगभग 164 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोने से बेहतर प्रदर्शन किया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना बुधवार को 28 डॉलर यानी 0.65 प्रतिशत घटकर 4,310.89 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज़ प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''वर्ष 2025 के आखिरी कारोबारी दिन, अमेरिकी प्रतिफल में सुधार के कारण हाजिर सोना 4,310 डॉलर प्रति औंस पर गिरावट के साथ बंद हुआ। सिंह ने आगे कहा कि अल्पावधि में अंतरराष्ट्रीय सोना की कीमतें एक सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

### फेड से ब्याज दर कटौती की उम्मीद

इसमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व से ब्याज दर को लेकर उम्मीदें, डॉलर की मजबूती या उसकी कमजोरी शामिल हैं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी के निर्यात पर चीन के नए नियंत्रण से भी वैश्विक आपूर्ति पर असर पड़ने और निकट अवधि में सर्राफा कीमतों को दिशा तय होने की उम्मीद है।

# नए साल के पहले दिन शेयर बाजार रहा स्थिर

**मुंबई।** दिग्गज कंपनी आईटीसी के शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी के बीच वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की हल्की भागीदारी के बीच चुनिंदा खरीदारी से शेयर बाजार को थोड़ा समर्थन मिला लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 32 अंक गिरकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 16.95 अंक बढ़त के साथ 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, /"यह 17 सितंबर, 2025 के बाद का सबसे छोटा दैनिक कारोबार दायरा रहा। यह दर्शाता है कि निवेशकों अनिर्णय की स्थिति में थे और खरीदारों एवं विक्रेताओं दोनों तरफ से भागीदारी सीमित रही।सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एफएमसीजी (दैनिक उपयोग के उत्पाद) एवं सिगरेट बनाने वाली कंपनी आईटीसी के शेयरों में 9.69 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई।

# जीएसटी संग्रह दिसंबर में छह प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपए पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। दिसंबर 2024 में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। दिसंबर 2025 में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 1.2 प्रतिशत बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर में कर 'रिफंड' 31 प्रतिशत बढ़कर 28,980 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध जीएसटी राजस्व (कर रिफंड समायोजन के बाद) 1.45 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने उपकर संग्रह घटकर 4,238 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 12,003 करोड़ रुपये था। उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम कर दी गईं। इससे सामान सस्ता हुआ है। इसके अलावा पहले की तरह विलासिता, अहितकर वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति उपकर अब नहीं लगाया जाता है। अब केवल तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर ही यह लगाया जाता है। जीएसटी दरों में कमी से राजस्व संग्रह प्रभावित हुआ है।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- /NPP/2025/5981 Dhamtari Dated:29/12/2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 182101 | Construction of Choupati at Kanta Talab in Dhamtari | 195.76 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in Date 31.12.2025, Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 21.01.2026 at 5.30 PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

Commissioner
Nagar Palik Nigam, Dhamtari
District - Dhamtari (C.G.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र 34 वर्ष 2024-25/टेन्डर लिपिक जबलपुर दिनांक 29/12/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता । निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है

| क्र | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_471690_packc1 | छोटा फुहारा से दमोहनाका मार्ग का निर्माण कार्य । | प्रथम | 52.33 | 52330.00 | 10000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | योग | | 52.33 | | | |

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/01/2026 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नही कराया जावेगा । संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

G-23696/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स )
संभाग क्र 1 जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल**

निविदा सूचना 30 वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 29/12/2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_PWDRB_471584_1 | हबीबगंज नाका से प्रभात चौराहा रायसेन मार्ग लंबाई-2.250 एवं 0.600 कि.मी. कुल लंबाई 2.850 कि.मी में बी.टी. नवीनीकरण एवं हबीबगंज नाका से आई.एस.बी.टी. चेतक ब्रिज चौराहा के पास मार्ग लंबाई-1.50 कि.मी में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 408.13 |
| 2 | 2025_PWDRB_471586_1 | बरखेड़ा पठानी से लहारपुर, बगरौदा मार्ग लंबाई-0.40 कि.मी. में जलभराव पोर्शन का मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | प्रथम | 131.29 |
| 3 | 2025_PWDRB_471588_1 | रायपुर से पोलासगंज मार्ग लंबाई 9.70 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 244.59 |
| 4 | 2025_PWDRB_471590_1 | बरखेड़ा बरामद से चार पहाड़ी एवं इमला चोकी मार्ग लंबाई-6.60 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 164.96 |
| 5 | 2025_PWDRB_471593_1 | गुनगा मनीखेड़ी दिल्लोद मार्ग लंबाई-7.10 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 177.83 |
| 6 | 2025_PWDRB_471596_1 | बैरसिया भौरासा अर्रावती, बरखेड़ा बरामद मार्ग लंबाई-7.80 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 190.35 |

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 07/01/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी - 23686/25 स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_469695_1 PRO- 727 Date- 01/01/2026 | संभाग क्रमांक 01 गढ़ा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत रामपुर छापर मे अशोक बौद्ध बिहार भवन निर्माण कार्य। | 4.23 लाख दो माह | 2000/- 4230/- | 16/01/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

भोपाल बैक ऑफिस, 6ए–6बी, पहली मंजिल, सूरी आर्केड, गोविंद गार्डन, बिजली नगर के सामने, रायसेन रोड, गोविंदपुरा, भोपाल 462023 दूरभाष. 0755–4063007, 4063008

**ई-नीलामी बिक्री नोटिस**

चूँकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं/गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे उक्त नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। तथापि, ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर उक्त देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

अतः नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के साथ नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सांकेतिक / भौतिक कब्जा ले लिया है। यह सूचना आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं)/ गारंटर(ओं) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति एलआईसी एचएफएल के पास बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा एलआईसी एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है तथा इसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा बिना किसी सहारा के आधार पर नीलामी की तिथि को नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

प्रॉपर्टी 1 श्री दुर्गेश साहू और श्रीमती अर्पिता साहू लोन नंबर 120500016522

**संपत्ति का विवरण**

संपत्ति का पूर्ण विवरण प्लॉट नंबर 23, डायवर्टेड खसरा नंबर 304 का हिस्सा, मौजा महाराजपुर, एनबी 664, पटवारी हल्का नंबर 60, आरएनएम महाराजपुर, नगर निगम वार्ड नंबर 75, तहसील अधारताल, जबलपुर, मध्य प्रदेश।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: 11.02.2025 | ACCOUNT DETAILS |
| मांग राशि: रु. 15,13,862.98 + ब्याज व अन्य खर्चे सहित | |
| भौतिक कब्जे की तिथि (पी)– 26.12.2025 | Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd. |
| निश्चित आरक्षित मूल्य . रु. 17,00,000/- (केवल सत्रह लाख रुपये) | Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub |
| ईएमडी रु. 1,70,000/- (केवल एक लाख सत्तर हजार रुपये) | Account No: LHBP120500016522 |
| 12.02.2026 तक देय कुल राशि – रु. 17,01,899.30/- | IFSC Code: UTIB0CCH274 |
| Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com | auctionbazaar.com |
| संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समय: 10.02.2026 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | नीलामी की तिथि एवं समय अवधि: 12.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक<br>संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है: एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर 482001 (म.प्र.) |
| संपत्ति का निरीक्षण | 02.02.2026 दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| संपर्क व्यक्तिः श्री पवन निगम | संपर्क विवरण : 8349973965 |
| सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण | ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6-3-1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद–500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/, disposal.central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696 |
| ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि | 11.02.2026 और शाम 5:00 बजे से पहले |
| ई–नीलामी तिथि | 12.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक |

प्रॉपर्टी 2 श्री मुकेश कुमार बिरहा आवेदक, श्रीमती रमा बिरहा सह आवेदक और श्री विनोद (गारंटर) लोन नंबर – 120500018808

**संपत्ति का विवरण**

संपत्ति का पूर्ण विवरण प्लॉट नंबर 48, बालाजी प्रीमियम, मौजा सूरतलाई, खसरा नंबर 83/1 का हिस्सा, पटवारी हल्का नंबर 75, कटंगी रोड, जबलपुर, 482007, म.प्र.

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: 27.11.2024 | ACCOUNT DETAILS |
| मांग राशि: रु. 16,78,474.35 + ब्याज व अन्य खर्चे सहित | |
| भौतिक कब्जे की तिथि (पी)– 04.07.2025 | Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd. |
| निश्चित आरक्षित मूल्य -15,50,000 /-(पंद्रह लाख पचास हजार रुपये केवल) | Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub |
| ईएमडी रु. 1,55,000 /- (एक लाख पचपन हजार रुपये) | Account No: LHBP120500018808 |
| 27.01.2026 तक देय कुल राशि – रु. 19,43,191.23 /- | IFSC Code: UTIB0CCH274 |
| Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com | auctionbazaar.com |
| संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समय: 20.01.2026 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | नीलामी की तिथि एवं समय अवधि: 27.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक<br>संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है: एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर 482001 (म.प्र.) |
| संपत्ति का निरीक्षण | 21.01.2026 दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| संपर्क व्यक्तिः श्री पवन निगम | संपर्क विवरण 8349973965 |
| सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण | ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6-3-1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद–500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/, disposal.central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696 |
| ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि | 23.01.2026 और शाम 5:00 बजे से पहले |
| ई–नीलामी तिथि | 27.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक |

प्रॉपर्टी 3 श्रीमती वंदना मंगलानी लोन नंबर – 120500010676

**संपत्ति का विवरण**

पता मौजा कजरवारा एन.बी. 505 पटवारी हल्का नंबर 10 आरएनएम जबलपुर–1 नर्मदा चौतन्य सिटी वीरांगना रानी अवंती बाई वार्ड खसरा नंबर 419 लेआउट प्लॉट नंबर 19 जबलपुर (म.प्र.)

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: 27.10.2021 | ACCOUNT DETAILS |
| मांग राशि: रु. 27,13,966.50/- + ब्याज व अन्य खर्चे सहित | |
| भौतिक कब्जे की तिथि (पी)–11.03.2025 | Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd. |
| निश्चित आरक्षित मूल्य - 26,60,000/- (छब्बीस लाख साठ हजार रुपये ) | Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub |
| ईएमडी रु. 2,66,000 /- (केवल दो लाख छियासठ हजार रुपये मात्र) | Account No: LHBP120500010676 |
| 27.01.2026 तक देय कुल राशि – रु. 46,56,310.52 /- | IFSC Code: UTIB0CCH274 |
| Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com | auctionbazaar.com |
| संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समय: 20.01.2026 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | नीलामी की तिथि एवं समय अवधि: 27.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक<br>संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है: एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर 482001 (म.प्र.) |
| संपत्ति का निरीक्षण | 21.01.2026 दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक |
| संपर्क व्यक्तिः श्री पवन निगम | संपर्क विवरण 8349973965 |
| सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण | ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6–3–1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद – 500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/, disposal.central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696 |
| ऑनलाइन निविदा/बोली जमा करने की अंतिम तिथि | 23.01.2026 और शाम 5:00 बजे से पहले |
| ई–नीलामी तिथि | 27.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक |

'नीलामी के अन्य सभी नियम व शर्तें आधिकारिक वेबसाइट https://online.lichousing.com/eauction/ पर अनुलग्नक 2 के रूप में उल्लिखित हैं।

दिनांक : 02.01.2026
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## चिंतन

# जानलेवा तंबाकू बिगाड़ रहा सेहत

तंबाकू एक ऐसा उत्पाद है जो जानलेवा तो है ही, साथ ही लोगों की आर्थिक और शारीरिक सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके उपयोग से लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। भारत तंबाकू उत्पादन में तीसरा सबसे बड़ा देश और विश्व स्तर पर तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में तंबाकू से होने वाली मृत्यु दर प्रतिवर्ष 13.5 लाख है, इसमें 10 लाख मौतें धूम्रपान के कारण और शेष धुआं रहित तंबाकू (एसएलटी) के सेवन के कारण होती हैं। इस हिसाब से देश में हर दिन औसतन 3,700 लोगों की जान जा रही है। वहीं, कैंसर, हृदय रोग और श्वसन रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी लोगों को घेर रही हैं। दुनिया की बात करें तो अनुमानित 70 लाख मौतें रोजाना तंबाकू के कारण हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक तंबाकू उपयोगकर्ताओं की आयु लगभग 15 वर्ष कम हो जाती है और इनमें से लगभग आधे उपयोगकर्ता असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। गर्भावस्था में तंबाकू का उपयोग करने से बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं परिवार और समाज पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। जीएटीएस-2 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 28.6% (266.8 मिलियन) युवा वर्तमान में किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। वयस्क तंबाकू उपयोगकर्ताओं में 24.9% (232.4 मिलियन) दैनिक उपयोगकर्ता और 3.7% (34.4 मिलियन) कभी-कभार उपयोग करने वाले शामिल हैं। भारत में सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद खैनी है। इसे देश के करीब 36 फीसदी लोग प्रयोग करते हैं। बीड़ी दूसरा सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद है, इसे करीब 24 फीसदी, तीसरे नंबर पर गुटका 22 फीसदी, तंबाकू युक्त पान और उत्पाद चौथे स्थान पर हैं। इन्हें करीब 18 फीसदी लोग उपयोग करते हैं। बता दें कि फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) तंबाकू नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है, जिसका नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कर रहा है। एफसीटीसी को लागू करने की एक प्रमुख रणनीति एमपीओडब्ल्यूईआर पैकेज है, जिसमें तंबाकू की मांग को कम करने के छह साक्ष्य-आधारित उपाय शामिल हैं। इनमें तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी, लोगों को तंबाकू के धुएं से बचाना, तंबाकू छोड़ने में सहायता प्रदान करना, तंबाकू के खतरों के बारे में चेतावनी देना, तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू करना और तंबाकू पर कर बढ़ाना शामिल है। भारत ने तंबाकू छोड़ने के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति की है, लेकिन अभी भी कई बड़ी बाधाएं मौजूद हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) जैसे कार्यक्रमों और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी लागू करने से धूम्रपान की दर में कमी आई है, जिससे पता चलता है कि सरकार तंबाकू नियंत्रण और इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने तंबाकू के उत्पादों पर सबसे अधिक 28 फीसदी जीएसटी लगाया है। हाल ही में सिगरेट पर 20 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाया है। 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। इसके बावजूद सेवन करने वालों की कमी नहीं है। हालांकि देश में तंबाकू नियंत्रण एक जटिल मुद्दा है और इसके लिए सरकार, समाज, और व्यक्तियों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। हमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू छोड़ने में लोगों की मदद करने के लिए काम करना चाहिए।



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

# यूनुस चुनाव टालने की कोशिश में तो नहीं

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल दिखाई दे रही है। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल हो रही है या कहिए दिखाई दे रही है। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध जमकर हिंसा की जा रही है। भारत के विरोध के बावजूद मोहम्मद यूनुस हिंसा पर नियंत्रण करने के बजाय झूठे नैरेटिव गढ़कर भारत पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि ऐसा है तो इसके पीछे कौन हो सकता है? बांग्लादेश की राजनीति को बेहतर तरीके से जानने-समझने वाले तमाम लोग अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर इस बात को लेकर संदेह जता रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि चुनाव समय आने पर 12 फरवरी को ही होंगे, लेकिन बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति देख कर उनकी बात पर सहज विश्वास करना बेहद मुश्किल है।

उधर, उस्मान हादी के भाई उमर हादी ने भी आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या मोहम्मद यूनुस ने करवाई है, चुनाव टालने के लिए! अब जब उस्मान हादी के भाई ने आरोप लगाया है तो मोहम्मद यूनुस पर संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस से 'सत्ता का मोह' छूट नहीं रहा है। वे सत्ता में बने रहना चाहते हैं और संभवतः इसीलिए येन-केन-प्रकारेण चुनाव टालने की जुगत में लगे हैं। यदि हिंसा व उपद्रव की पृष्ठभूमि में जाएं तो मोहम्मद यूनुस पर चुनाव टालने की कोशिशों का संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। बांग्लादेश में अस्थिरता का नया दौर विगत वर्ष जुलाई-अगस्त में शुरू हुआ था। तब सत्तासीन शेख हसीना सरकार की कथित छात्र विरोधी नीतियों के विरुद्ध छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई थी। कहने को यह छात्र आंदोलन था लेकिन कुछ समय में यह 'जेन जी' आंदोलन में बदलकर अंततः शेख हसीना की नीतियों, विशेषकर भारत के प्रति लगाव, का विरोध करने वाले और देश में शरीयत का कानून लागू करने की मंशा रखने वाले जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के हाथों में जाता स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। कथित रूप से छात्रों के इस आंदोलन ने तब हिंसक रूप ले लिया था। सड़कों पर आंदोलनकारियों का उन्माद व हिंसा का भीषण रूप देखने को मिल रहा था। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित बड़ी संख्या में सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था और जमकर तोड़फोड़, आगजनी व हिंसा की गई थी। बड़ी संख्या में भारत समर्थक नेता, पत्रकार और हिंदुओं को इस हिंसा में अपने प्राण तक गंवाने पड़े थे। इस हिंसा व अराजकता के बीच 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़ना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी थी।

उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था और देश में अगले चुनाव होने तक नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। उस समय यह कहा गया था कि अनुकूल समय आने पर आम



चुनाव करा कर देश में लोकतंत्र की बहाली की जाएगी। बाद में चुनाव की यह तारीख 12 फरवरी 2026 घोषित की गई है। चुनाव की तारीख निर्धारित होने के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता में बने रहने की अपनी रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है, ऐसा हाल के घटनाक्रमों से समझा जा सकता है। मोहम्मद युनुस शुरू से अपने भारत विरोध के लिए जाने जाते रहे हैं। भारत विरोध उन्हें जनता में लोकप्रिय और सत्ता में बने रहने का 'रामबाण' उपाय मालूम होता दिखता है और संभवतः इसीलिए अंतरिम सरकार के मुखिया बनने के बाद से अब तक वे तरह तरह से भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार में लगे रहे हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत ने उनके साथ संबंध मधुर बनाने की अपने तईं कई कोशिशें की हैं लेकिन उनके भारत विरोधी व्यवहार में कोई परिवर्तन होता नहीं दिखा, बल्कि उनके शासन में जमकर भारत विरोधी भावना भड़काने के षड्यंत्र व प्रयास होते रहे हैं। गत नवंबर माह में शेख हसीना को बांग्लादेश की अंतराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल द्वारा मौत की की सजा सुनाई जाने के बाद मोहम्मद यूनुस ने प्रत्यार्पण संधि का हवाला देते हुए भारत से तुरंत शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी और भारत पर कई आरोप भी मढ़ दिए थे। ऐसा इसलिए कि वहां जनता को, विशेषकर छात्रों को ऐसा मालूम न हो कि वे ( मोहम्मद युनुस ) शेख हसीना व भारत के प्रति किसी प्रकार का नरम रवैया अपना रहे हैं और शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाने के कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसी के साथ बांग्लादेश जमाते इस्लामी को मान्यता प्रदान कर चुनाव में लड़ने की अनुमति दे दी गई है। इस तरह उन्होंने वहां की एक बड़ी व सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रही पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर करने के साथ जमाते इस्लामी के जरिए सत्ता में बने रहने का एक रास्ता भी बना लिया है। इसके पीछे उनकी सोच संभवतः यह लगती है कि जमाते इस्लामी यदि सत्ता में आती है तो उनका राष्ट्रपति बनना बेहद आसान रहेगा। शेख हसीना के कार्यकाल में जेल में निरुद्ध जमाते इस्लामी के सदस्यों को जेल से बाहर कर वे इसके साथ मधुर संबंधों की कड़ी पहले ही जोड़ चुके हैं। अब देश में चुनाव लड़ने के लिए खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी मैदान में बची रह जाती है। चुनाव में भाग लेने के लिए खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद विदेश से बांग्लादेश लौट आए हैं। फिलहाल मोहम्मद युनुस इस पार्टी से कोई खास खतरा महसूस कर रहे हों, ऐसा नहीं दिखता। ऐसा इसलिए भी कि हाल के कुछ महीनों में सक्रियता के अभाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अपेक्षा जमाते इस्लामी की ओर लोगों का झुकाव अधिक बढ़ते देखा गया है। भारत विरोधी भावना का यह ज्वार व वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा बताती है कि इस आरोप से मोहम्मद यूनुस पर किसी भी तरह का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। शेख हसीना के तख्तापलट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्र संगठन इंकलाब मोर्चे के सूत्रधारों में प्रमुख शरीफ उस्मान हादी ही मैदान में सबसे प्रबल उम्मीदवार दिख रहे थे, लेकिन हादी की भी हत्या हो चुकी है। समझा जा सकता है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की ताजा हिंसा पर नियंत्रण न कर इसे अपनी असफलता दर्शा रही है लेकिन इसका असली उद्देश्य कुछ और है। यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# नए साल में भारत होगा सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया के उपभोक्ता बाजारों से संबंधित रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वर्ष 2026 में भारत ऊंची विकास दर, सस्ते कर्ज, महंगाई में कमी, कर सुधार और बढ़ी हुई क्रय शक्ति से दुनिया के सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित है और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार रहेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक भारत से आने वाले सैलानी सिंगापुर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले लग्जरी ग्राहकों में शामिल हैं। गौरतलब है कि नए वर्ष में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी। उम्मीद करें कि भारत में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बड़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। वर्ष 2026 में ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और इससे भारत दुनिया में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा और देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया - गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नववर्ष पर कैलेंडर के साथ सोच भी बदलें

नववर्ष पर हमें अपनी स्वार्थी, संकीर्ण और नकारात्मक सोच भी बदलनी चाहिए, तभी यह वर्ष हर किसी के लिए मंगलमय और समाज, देश में एक नया अच्छा परिवर्तन लेकर आएगा। एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि, नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2026 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। बहरहाल, नया साल सभी के लिए शुभ हो।

*- संजय यादव, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रचंड जनाक्रोश



पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ प्रचंड जनाक्रोश है, जो कि 'परिवर्तन' का बहुत बड़ा संकेत है। आने वाले तीन महीनों में हमारे कार्यकर्ता एकजुट होकर हर बूथ पर कमल खिलाएँगे और प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाएँगे।
- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### जी राम जी योजना



विकसित भारत - जी राम जी योजना अंतर्गत कम से कम 33% कार्य महिलाओं को देना अनिवार्य है, इससे ज्यादा होने पर कोई रोक नहीं है। इसमें बहनों के हितों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश की गई है।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### टीएमसी का सफर



'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ टीएमसी का सफर एक जनवरी, 1998 को शुरू हुआ था। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति अडिग और प्रतिबद्ध है। टीएमसी देश के हर व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई के लिए पूरी तरह संकल्पित रहेगी।
- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल

### ब्रांडेड चीनी मुफ्त



दिल्ली के 65,883 अंत्योदय परिवारों को अब पैक्ड और ब्रांडेड चीनी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल अंत्योदय से राष्ट्रोदय की उस भावना को सशक्त करती है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की गरिमा सर्वोपरि है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# अफगान सीमा बंद करने से पाक में आतंकी हमले कम



पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सरहद बंद करने के बाद सीमा पार आतंकवादी हमलों और हिंसा से संबंधित मौतों में काफी कमी आई है, लेकिन वर्ष 2025 एक दशक में 'सबसे हिंसक' साल था। एक थिंक टैंक ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान ने पिछले साल 11 अक्टूबर को अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसका कारण यह आरोप था कि अफगानिस्तान आतंकवादियों द्वारा अपनी धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। 'डॉन' अखबार ने थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर बताया कि दिसंबर में आतंकवादी हमलों में लगभग 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नवंबर में इसमें नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसने कहा है कि 2025 की आखिरी तिमाही में असैन्य नागरिकों और सुरक्षा अधिकारियों में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में भी गिरावट आई है। यह नवंबर में चार फीसदी और दिसंबर में 19 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, सीआरएसएस के आंकड़ों से पता चला है कि समग्र हिंसा में लगभग 34 फीसदी का इजाफा हुआ है और वर्ष 2025 पाकिस्तान के लिए एक दशक में सबसे हिंसक साल साबित हुआ।

## ऑफ बीट

# आइसक्रीम का 2,500 साल पुराना इतिहास



आइसक्रीम बनाने से पहले बर्फ के उत्पादन और भंडारण की विश्वसनीय तकनीक जरूरी थी, जो सबसे पहले 550 ईसा पूर्व में फारस (आधुनिक ईरान) में विकसित हुई। प्राचीन फारसियों ने रेगिस्तानी इलाकों में 'यखचाल' नामक बड़े, मधुमक्खी के छत्ते जैसे पत्थर के ढांचे बनाए। इनमें गहरी, इंसुलेटेड भूमिगत संरचनाएं होती थीं, जिससे साल भर बर्फ संग्रहित की जा सकती थी। इस संग्रहित बर्फ से फलों के शरबत, शोरबे और 'फलूदा' (गुलाब जल और सेवइयों से बनी जमी हुई मिठाई) जैसे व्यंजन बनाए जाते थे। लगभग 650 ईस्वी में फारस पर अरब विजय के बाद यह तकनीक मध्य पूर्व में फैल गई। इसी तकनीक से सीरिया में 'बूज़ा' और फारस में 'बस्तानी' जैसी खिंचावदार आइसक्रीम तैयार की गई। इसी काल में चीन के तांग राजवंश (618–907) के दौरान 'सुशन' नामक जमी हुई मिठाई विकसित हुई, जिसे कवियों ने मुंह में पिघलने वाली, तरल और ठोस के बीच की बनावट वाला बताया। जमाने के साथ फ्रीजिंग की तकनीक में बदलाव आया। 1558 में नेपल्स में जियाम्बातिस्ता डेला पोर्ता की पुस्तक जिसमें बर्फ में शोरा (पोटैशियम नाइट्रेट) मिलाकर तरल पदार्थों को तेजी से ठंडा करने की विधि बताई गई। 17वीं सदी में नमक, पानी और बर्फ के मिश्रण से भी इसी तरह का प्रभाव सामने आया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

राष्ट्रपति ने एआई चैलेंज का किया शुभारंभ

# देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता परिवर्तन लाने का शक्तिशाली अवसर विश्व की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 'स्किल द नेशन' एआई चैलेंज का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही है, जिससे लोगों के सीखने, काम करने और आधुनिक सेवाओं तक पहुंचने के तरीके प्रभावित हो रहे हैं।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया समारोह



राष्ट्रपति ने अर्थव्यवस्था के लिए एआई को विकास चालक बताया

राष्ट्रपति ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का किया वर्चुअल उद्घाटन

### छात्र ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के विकास के लिए करें

उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए, एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि सकारात्मक और समावेशी परिवर्तन लाने का एक शक्तिशाली अवसर है। उभरती प्रौद्योगिकियों की ओर से आकार दिए जा रहे भविष्य के लिए छात्रों को तैयार देखकर खुशी जताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा करने, चुनौतियों का समाधान करने और दूसरों को सशक्त बनाने के लिए करने का आग्रह किया।

### सांसदों को भी सराहा

राष्ट्रपति मुर्मू ने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा करने वाले सांसदों की भी सराहना की और कहा कि उनके प्रयास निरंतर सीखने के माध्यम से नेतृत्व को दर्शाते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एआई को एक प्रमुख विकास चालक बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह आने वाले दशक में जीडीपी, रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भारत समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण करे

उन्होंने मजबूत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा के निर्माण में डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशलों के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा सरकार संस्थानों, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि भारत न केवल उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाए बल्कि जिम्मेदार और समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण भी करे।


### सामूहिक प्रतिबद्धता से ही विकसित भारत बनेगा

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप देश को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लक्ष्य में योगदान देते हुए एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया था, जो भारत के कार्यबल को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने के सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### राहुल की तुलना श्री राम से,भड़के निरुपम

**मुंबई।** कांग्रेस नेता नाना पटोले ने राहुल गांधी के कार्यों की तुलना भगवान राम से की, जिस पर राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस तुलना को हास्यास्पद बताते हुए कांग्रेस के आचरण को 'रावण' जैसा करार दिया। संजय ने कहा कांग्रेस सदैव राम विरोधी रही है।



### कार ने 6 को कुचला 1 की मौत, कई घायल

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में कंबल वितरण के दौरान एक कार ने 6लोगों को कुचल दिया। एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इस पर लोगों ने चौकी में भी तोड़फोड़ की। घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली गांव के पास की है। अदलहाट शेरवा मार्ग पर कंबल वितरण का आयोजन था।



### पिता ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर आत्महत्या की

**उय्यालावाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उय्यालावाड़ा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर दी और फिर खुद ही अपने घर में फांसी का फंदा बनाकर खुद भी आत्महत्या कर ली। यह घटना नंदयाल जिले की है। पुलिस ने गुरुवारको इस मामले के बारे में जानकारी दी।



### 2,000 के 98.4% से अधिक करेंसी जमा

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने 2000 रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया पर अहम जानकारी दी है। आरबीआई के अनुसार प्रचलन से हटाए गए रुपए 2000 के कुल नोटों में से 98.41 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को शुरू प्रक्रिया के बाद बाजार में कम नोट शेष रह गए हैं।



पीएम मोदी ने लिखा तिरुवनंतपुरम के नए मेयर राजेश को पत्र

# केरल के लिए यह खास उपहार, कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम

## इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम के नवनिर्वाचित मेयर वीवी राजेश को पत्र लिखकर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे केरल के लिए नए साल का विशेष उपहार बताया और इस सफलता को वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम बताया है। पत्र में पीएम मोदी ने मेयर वीवी राजेश और उपमेयर जीएस आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम से अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि यह शहर हर मलयाली के दिल में विशेष स्थान रखता है। यह श्री पद्मनाभस्वामी के आशीर्वाद से पवित्र है और राजधानी होने के साथ-साथ विचारकों, समाज सुधारकों, कलाकारों, कवियों, संगीतज्ञों और संतों की भूमि रही है। ऐसे महान शहर का भाजपा को आशीर्वाद देना विनम्र करने वाला अनुभव है।

नए साल की शुरुआत पर दी बधाई

उपमेयर आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और नवनिर्वाचित पार्षदों और कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं

### 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का विजन हर वर्ग तक पहुंचा



प्रधानमंत्री मोदी



मेयर वीवी राजेश

पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का भाजपा का विजन शहर के हर वर्ग तक पहुंचा है। लोगों ने केंद्र के कामकाज और राज्यों में शहरी विकास के प्रयासों को देखा है, इसी कारण उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया।

### केरल में एक 'नए सवेरे' का संकेत

प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों तक कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया है। राज्य की राजनीति लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के हाथों में रही है, जिनके शासन में भ्रष्टाचार और हिंसा की संस्कृति पनपी। इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे, लोगों की समस्याएं उठाईं।

### केरल झूठे वादों की राजनीति से अलग हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए अब केरल में जनता का विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में दोस्त और केरल में प्रतिद्वंद्वी होने का उनका 'फिक्स्ड मैच' अब खत्म होने वाला है। केरल अब झूठे वादों से मुक्त होना चाहता है।

### नारायण गुरु, अय्यंकाली और पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया

प्रधानमंत्री ने श्री नारायण गुरु, महात्मा अय्यंकाली और मन्नाथु पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ सेवा, गरीबों और वंचितों की चिंता तथा महिलाओं का सशक्तीकरण जैसे मूल्य तिरुवनंतपुरम के प्रशासन की प्रेरणा बनने चाहिए। राजेश और उनकी टीम 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ातएगी।

### पत्र को अमित मालवीय ने भी एक्स पर शेयर किया

इस पत्र को भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी 'एक्स' पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केरल और भाजपा दोनों के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा के विजन पर जनता के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है और राज्य में शहरी शासन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है।

पीएम ने दी सिंधिया को जन्मदिन की बधाई

### पूर्वोत्तर भारत में किए गए कामों को सराहा दीर्घायु की कामना की

पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत में लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने की दिशा में उनके प्रयासों को सराहा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जन्मदिन की बधाई। वे टेलीकॉम सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए जुटे हैं।

### सिंधिया ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

सिंधिया ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। आपकी लीडरशिप और जनसेवा से प्रेरित होकर मैं विकसित भारत बनाने में कमी नहीं करूंगा।



सीएम ममता बेनर्जी ने कहा

# हम 'बुरी ताकतों' के आगे नहीं झुकेंगे, हमारा संघर्ष जारी रहेगा

नव वर्ष पर टीएमसी का स्थापना दिवस



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल जनता के लिए संघर्ष करता रहेगा और किसी भी 'बुरी ताकतों' के सामने समर्पण नहीं करेगा।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। तृणमूल कांग्रेस का सफर आज ही के दिन 1998 में मातृभूमि और लोगों की सेवा के मकसद से शुरू हुआ था। इस ऐतिहासिक सफर की मुख्य बातें मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हैं। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के लिए अडिग और प्रतिबद्ध है।

### 28 साल पहले कांग्रेस से अलग होकर बनाई थी अलग पार्टी

उन्होंने लिखा कि तृणमूल कांग्रेस परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, स्नेह और प्रार्थनाओं से भरा हुआ है। आपके अटूट समर्थन से, हम महान लोकतांत्रिक देश के हर व्यक्ति की लड़ाई में अडिग हैं। हम किसी भी बुरी ताकत के सामने नहीं झुकेंगे और आम लोगों के लिए हमारा संघर्ष आजीवन जारी रहेगा। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी 28वें साल में प्रवेश कर चुकी है। इस 28 साल में टीएमसी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने बंगाल में अस्मिता की राजनीति को नया रूप दिया है। कांग्रेस पार्टी से अलग होकर 1 जनवरी 1998 को ममता ने तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था।

### हर कार्यकर्ता को नमन करता हूं: अभिषेक



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कहा कि दल की असली शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ताओं के अनुशासन और विश्वास में निहित है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तृणमूल कांग्रेस स्थापना दिवस पर मैं अपने लगातार बढ़ते परिवार के हर सदस्य के प्रति कृतज्ञता से सिर झुकाता हूं।

असम में भी भाजपा का 'बिहारी दांव'

# 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए की नकद सहायता मिलेगी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बिहार में सफल दांव को असम में भी खेलने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में ऐलान किया कि असम की 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि ओरुनोदोई योजना के तहत राज्य में लाभ पाने वाली 37 लाख महिलाओं को बोहाग बिहू से पहले 8,000 रुपए की नकद सहायता दी जाएगी।



### योजनाओं के तहत सीएम देंगे तोहफा

इनमें जनवरी से अप्रैल के की अवधि के लिए ओरुनोदोई योजना के 5,000 रुपए भी शामिल हैं। 3,000 हजार रुपए की अतिरिक्त रकम बिहू के उपहार के तौर पर दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की आजीविका को मजबूती देना और आर्थिक सहारा प्रदान करना है।

दुबई जा रहे यात्रियों ने भी किया पाठ

# दुबई जा रहे भाजपा विधायक ने विमान में पढ़ी हनुमान चालीसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्लाइट के अंदर यात्रियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करने का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा नेता बालमुकुंद आचार्य खड़े होकर चालीसा का पाठ कर रहे हैं। उनके साथ लोग भी पाठ करते हैं। लोग विधायक और उनके परिवार से जुड़े सदस्य हैं। वीडियो में खड़े होकर चालीसा का पाठ करने वाले नेता राजस्थान के हवामहल सीट से भाजपा के विधायक हैं। उनका नाम बालमुकुंद आचार्य है। अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं।



### नेताओं ने दुबई के लिए भरी उड़ान

राजस्थान में भजनलाल सरकार के कई विधायक और भाजपा नेता नए साल पर एक निजी विदेश दौरे पर रवाना हुए हैं।बताया जा रहा है कि 1 जनवरी की सुबह इस डेलीगेशन ने हवाई जहाज से दुबई के लिए उड़ान भरी है। इसी फ्लाट के विजुअल्स सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## नव वर्ष में अयोध्या-काशी में उमड़ा सैलाब



**अयोध्या।** राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में नए साल की सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रशासन के अनुसार लाखों लोगों ने दर्शन किया। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में आधी रात से ही भक्तों की करीब 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। कड़ाके की ठंड में भी गजब का उत्साह दिखा।

विवादों के बीच मद्रास हाईकोर्ट के जज का अहम फैसला

# स्टेन स्वामी का मेमोरियल बन सकता है तो स्मारक स्तूप बनाने में क्या दिक्कत?

## नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में मंदिर में दीप जलाने के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार और केंद्र में विपक्षी पार्टियों के निशाने पर आए जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने एक और अहम फैसला सुनाया है। मद्रास हाई कोर्ट में जस्टिस स्वामीनाथन ने 1755 में अंग्रेजों के खिलाफ लड़े नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। यह फैसला 18वीं सदी में गुलामी के दौर में भारतीयों के



प्रतिरोध की एक प्रेरक इतिहास को उदाहरण बनाता है। जस्टिस स्वामीनाथन का फैसला नथम के तहसीलदार द्वारा इस स्मारक को अनुमति न दिए जाने के बाद आया है। तहसीलदार द्वारा अनुमति न देने पर हाई कोर्ट में रिट दायर की थी।

### स्तूप स्थापना के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

जस्टिस ने कहा कि राज्य में अगर स्टैन स्वामी की याद में पत्थर का स्तंभ लगाया जा सकता है, उसके लिए अनुमति कि आवश्यकता नहीं पड़ी, तो निश्चित रूप से नथन कनवाई युद्ध की स्मृति में स्तूप स्थापित करने किए भी किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने जिन स्टेन स्वामी का जिक्र किया।

केरल हाईकोर्ट में एसटीएफ ने किया इसका खुलासा

# सबरीमाला मंदिर में 7 और पैनलों से सोना गायब

## इसके पहले 2 कलाकृतियों से सोने में किया गया था 'खेल'

एजेंसी ▶▶ सबरीमाला

यहां सोना चोरी घोटाले को लेकर स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसटीएफ) ने कोर्ट में बड़ा खुलासा किया है कि मंदिर की और भी कलाकृतियों से सोना गायब है। केरल हाईकोर्ट के आदेश में जांच कर रही एसआईटी ने द्वारपालक मूर्तियों और मंदिर के गर्भगृह के दरवाजों से गायब सोने के संबंध में 2 मामले दर्ज किए थे। कोल्लम की विजलेंस कोर्ट में पेश रिपोर्ट में जिसमें एसआईटी ने कथित आरोपियों की हिरासत मांगी है। एजेंसी ने कहा है कि यह घोटाला केवल दो कलाकृतियों तक सीमित नहीं है। पहले माना जा रहा था कि सिर्फ द्वारपालक की दो मूर्तियों से सोना गायब है, लेकिन अब जांच में सामने आ रहा कि 7 और पैनलों से सोना गायब है।

### केमिकल का इस्तेमाल कर सोने को किया अलग



कहा गया कि चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशन्स में केमिकल का इस्तेमाल कर सोने को अलग किया गया है और यह बेल्लारी स्थित ज्वेलर गोवर्धन रोड्डम के कब्जे में है।एसआईटी ने गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में शामिल तीन आरोपियों स्वयंभू प्रायोजक उन्नीकृष्णन पोट्टी, गोवर्धन रोड्डम, चेन्नई स्थित स्मार्ट क्रिएशन्स के पंकज भंडारी की हिरासत मांगी है।

### इसरो से मांगी जांच में मदद

एसआईटी ने कोर्ट को यह भी बताया कि उन्होंने मंदिर में विभिन्न कलाकृतियों पर सोने की परत चढ़ाने की सही मात्रा का पता लगाने के लिए इसरो के एक केंद्र वीएसएससी-तिरुवनंतपुरम से टेक्निकल सपोर्ट मांगी है।

### सीपीआई (एम) नेताओं समेत 10 गिरफ्तार

एसआईटी ने अब तक तीन सीपीआई (एम) नेताओं समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें पूर्व विधायक ए पद्मकुमार भी शामिल हैं। पिछले हफ्ते, एसआईटी ने पूर्व मंत्री कडकम्पल्ली सुरेंद्रन से पूछताछ की, जो 2019 में देवस्वम मंदिर के मंत्री थे, जब मंदिर में कथित चोरी की घटना हुई थी। इसके पहले अक्टूबर में भी इस तरह की हेराफेरी की गई थी।

श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के समक्ष भव्य आतिशबाजी, विधानसभा अध्यक्ष तोमर के साथ एमएलए शर्मा ने मनाया उत्सव

# प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन बना भोपाल की सांस्कृतिक पहचान, इसके लिए विधायक रामेश्वर को बधाई: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या धाम में पुनर्निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देशभर में अनेकों आयोजन कराए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में राजधानी भोपाल में भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रतिष्ठा द्वादशी का उत्सव मनाया गया।

राजधानी की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा युवा सदन कार्यालय पर प्रतिष्ठा द्वादशी के पूर्व



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विधायक रामेश्वर और अन्य अतिशबाजी करते हुए।

मंगलवार को राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संपन्न हुआ था। बुधवार को प्रतिष्ठा द्वादशी पर इसी प्रतिकृति के समक्ष रंगारंग और गगनचुंबी आतिथ्य का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सम्मिलित हुए। जिन्होंने उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को रामलला विराजमान की द्वितीय वर्षगांठ की बधाई देकर आतिशबाजी का शुभारंभ किया।

उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व इसी तिथि को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। इस तिथि पर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष युवा सदन कार्यालय परिसर में श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति सजाई जाती है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि युवा सदन पर प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन अब भोपाल की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा बन चुका है। उन्होंने विधायक रामेश्वर शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना, आस्था और एकता को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

पीसीबी की एनओसी नहीं मिलने पर होंगे सील

# शहर के 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन की निगम प्रशासन करेगा जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं होने की सूचना मिलने पर निगम ने इसकी जांच करने की तैयारी कर ली है। गत दिवस निगम को जानकारी मिलने पर एक मैरिज गार्डन को सील किया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने शहर के सभी मैरिज गार्डन की जांच करने जा रहा है। अगर एनओसी नहीं पाई गई तो मैरिज गार्डन को सील कर दिया जाएगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि मैरिज गार्डन से प्रदूषण फैलने और वातावरण दूषित होने की शिकायतें मिली थीं। इसके आधार पर कार्रवाई शुरू की गई है। मैरिज गार्डन संचालन के लिए पीसीबी की एनओसी जरूरी है। इसके लिए चैकिंग मुहिम चलाई जा रही है। जोन स्तर पर मैदानी अमला इसकी जांच करेगा।

शहर के कोलार, लालघाटी से संत नगर रोड, एयरपोर्ट रोड, बैरसिया रोड, बीएचईएल क्षेत्र, होशंगाबाद रोड पर बडी संख्या में मैरिज गार्डन हैं। अक्सर यहां ध्वनि और वायु प्रदूषण की शिकायतें निगम को मिलती हैं। कई मैरिज गार्डन संचालकों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी नहीं ली है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने बैरवा दिवस की बधाई दी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव ने संत शिरोमणि, महर्षि बालीनाथ जी महाराज की जयंती और बैरवा दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि बालीनाथ महाराज ने समाज को शिक्षा और कृषि से स्वावलंबन की राह दिखाई। वे कुरीतियों के उन्मूलन, समानता और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर समर्पित रहे। संत शिरोमणि का साधनामय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है।

### बीयू: ईसी के बाद 20 लॉ कॉलेजों की निरंतरता का पत्र किया जारी

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में बुधवार को कार्यपरिषद (ईसी) की बैठक हुई। बैठक में कार्यपरिषद के सदस्य उपस्थित रहे। बीयू के कुलगरु प्रो. एसके जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यपरिषद की बैठक में प्रमुख रूप से एक एजेंडे पर चर्चा की गई। यह एजेंडा बीयू से संबद्ध करीब 20 लॉ कॉलेजों की समय सीमा में निरंतरता से जुड़ा रहा है। इसमें उपस्थित सदस्यों की सहमति के बाद बुधवार को ही 20 लॉ कालेजों को निरंतरता का पत्र जारी किया गया है। बताया गया है कि बीयू से संबद्ध 20 लॉ कॉलेजों की समय सीमा में निरंतरता होना थी, जो समय सीमा बीसीआई के लिए आवश्यक बताई गई है। इस लिए बुधवार को बीयू में केवल एक मुद्दे के लिए ईसी की बैठक बुलाई गई थी।

### आवास संघ ऋण घोटाला मामले के दोषियों को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मप्र राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित से मकान बनाने का नाम पर लाखों रुपयों का गृह ऋण लेकर उसे हड़पने के मामले में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन के विशेष न्यायाधीश रामप्रताप मिश्र ने क्षिप्रा कॉम्प्लेक्स गृह निर्माण सहकारी समिति भोपाल के तत्कालीन अध्यक्ष खेमचंद आहुजा, मप्र राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित के तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी अरुण कुमार मेहरा और उनके सहयोगी अजीज जफर को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 21,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन के पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत मिलने प्रकरण दर्ज किया था।

ऑफिस से घर लौटते समय भानपुर रोड छोला पर हुआ हादसा

# ट्रक चालक ने अचानक लगाया ब्रेक, पीछे से आ रही बाइक घुसी, शोरूम मैनेजर की मौत

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया

हादसे में शोरूम मैनेजर के सिर, मुंह और चेहरे पर आई थी गंभीर चोटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे गोदाम के सामने छोला भानपुर रोड पर ऑफिस से घर लौट रहे ई-रिक्शा शोरूम के मैनेजर की बाइक, अचानक ब्रेक लगाने से सड़क पर खड़े हुए ट्रक में घुस गई। सिर व चेहरे आई चोटों के कारण गंभीर रूप से घायल मैनेजर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया था।

पुलिस के मुताबिक बाफना कॉलोनी निवासी अनिल राठौर (45) सिटी लाईफ ई-रिक्शा शोरूम भानपुर में मैनेजर थे। विगत 29 दिसंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे वह ऑफिस से बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। इस बीच रेलवे गोदाम के सामने छोला भानपुर रोड पर सामने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे बाइक पर आ रहे अनिल राठौर ट्रक में घुसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर, मुंह व चेहरे पर चोटें आई थीं। एंबुलेंस 108 की मदद से उन्हें बेहोशी की हालत में करोंद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही अनिल राठौर के बड़े भाई महेश राठौर अस्पताल पहुंच गए थे। उन्हें निजी अस्पताल से अपने भाई का डिस्चार्ज कराकर बंसल अस्पताल में भर्ती करा दिया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान अनिल राठौर की मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। बड़े भाई महेश राठौर की शिकायत पर ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 1257 के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित कुल्होर जोड़ के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां हालत नाजुक देखते हुए उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।



पुलिस के अनुसार सुंदर शाक्य (21) ग्राम ललरिया में रहता था और भोपाल में प्राइवेट काम करता था। मंगलवार रात वह गांव से घर लौट रहा था, तभी कुल्होर जोड़ के पास रात करीब आठ बजे उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सुंदर को इलाज के लिए बैरसिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे हमीदिया अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

## बाइक फिसलने से घायल हुए डिलेवरी ब्वॉय की मौत

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म पुलिया के पास गत 25 दिसंबर की रात बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार डिलेवरी ब्वाय की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अभिषेक अहिरवार पिता मुन्नालाल अहिरवार (21) ललिता नगर कोलार रोड पर रहता था और एक फूड कंपनी में डिलीवरी का काम करता था। 25 दिसंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर की तरफ लौट रहा था, तभी स्वर्ण जयंती पार्क से कुछ दूरी पर सर्वधर्म पुल के पास अचानक उसकी बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने उसे गंभीर चोट आई थी। उसे हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई।

पाथवे, ओपन थियेटर, वाटर बाडी आदि का लिया जायजा

# 5 करोड़ से बन रहे नमोः उपवन का महापौर ने किया निरीक्षण



निर्माणाधीन नमो : उपवन का निरीक्षण करतीं महापौर मालती राय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने बुधवार को लालघाटी स्थित निर्माणाधीन नमोः उपवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाथवे, ओपन थियेटर, वाटर बाडी आदि कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी हासिल की। उन्होंने निर्माणाधीन नमोः उपवन के कार्यों में तेजी लाने तथा सभी कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

महापौर ने पार्क को प्राकृतिक एवं आकर्षक स्वरूप देने के निर्देश दिए ताकि राजधानीवासी पार्क में आकर सुखद अनुभव कर सके। उन्होंने पार्क में बड़े पत्थरों को बेहतर स्वरूप देकर नेच्युलर रूप में करने के भी निर्देश दिए। पाथवे के कार्य को जल्द पूरा करने निर्माणाधीन ओपन थियेटर के कार्य को बेहतर स्वरूप देकर पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त हर्षित तिवारी, उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय, सहायक यंत्री आदित्य खरे के अलावा जगदीश यादव, विकास सोनी, अनिल मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच जारी

# तेज रफ्तार भारी वाहन की टक्कर से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला मुख्यालय में गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय युवक केशव मेहर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने घटना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाया। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह केशव मेहर अपने दो साथियों के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव लोईंग की ओर जा रहा था। जब वे चांदमारी स्थित होम गार्ड कार्यालय के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक भारी वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस भयावह दुर्घटना में स्कूटी सवार केशव मेहर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर फैलते ही कांग्रेस नेता और स्थानीय ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और सड़क पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उर्दना की ओर से इस मार्ग पर रोजाना भारी वाहनों का परिचालन होता है, जिससे अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने मांग की कि सड़क पर ब्रेकर बनाए जाएं और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

डिप्टी सीएम, संस्कृति मंत्री सहित स्थानीय विधायक, अफसर रहे शामिल

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया पुरातात्विक नगरी सिरपुर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने महासमुंद जिले की पुरातात्विक नगरी सिरपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक राजू सिन्हा के साथ सिरपुर के लक्ष्मण देवालय, आनंद प्रभु कुटी विहार, तीवरदेव विहार,



सुरंग टीला और स्थानीय हाट बाजार का निरीक्षण किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, एसपी प्रभास कुमार और अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने सिरपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन क्षमता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्थल भारत की प्राचीन धरोहर का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है।

# अज्ञात आरोपियों ने युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

गौरेला थाना क्षेत्र के बरवासन गांव अंतर्गत लमरा टोला में एक युवक की बेरहमी से की गई हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।



मृतक की पहचान चंद्रभान सिंह के रूप में हुई है, जिसका शव उसके घर के सामने आंगन में खून से लथपथ अवस्था में मिला। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुबह जब ग्रामीणों ने चंद्रभान सिंह के घर के सामने आंगन में उसका शव देखा तो उन्हें तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचित किया। शव पर चोट के कई गहरे निशान पाए गए, जिससे यह स्पष्ट है कि युवक पर अत्यंत क्रूरता से हमला किया गया था। घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में खून बिखरा हुआ था, जो हमले की भयावहता को दर्शाता है। सूचना मिलते ही गौरेला थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वाड की मदद से घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

### हर संभावित पहलू पर चल रही जांच

*पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्या के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्राथमिक अनुमान है कि किसी धारदार हथियार से यह वारदात अंजाम दी गई है। पुलिस आपसी रंजिश, पुराने विवाद या अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए हर पहलू से मामले की गहन जांच कर रही है। इस नृशंस हत्या की घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण भयभीत हैं और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

# केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले-मैं हर परिस्थिति में आपके साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुंभकार प्रजापति समाज का प्रदेशस्तरीय महासम्मेलन बीते दिनों विश्व पर्यटन नगरी सांची में आयोजित किया गया, जिसमें हजारों समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं हर परिस्थिति में समाज के साथ हूं। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डा. प्रभुराम चौधरी ने भी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम कुम्भकार ने कहा कि हमें भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।



### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में बेनीप्रसाद प्रजापति, डी.एस. सरोठिया, सुरेश प्रजापति, गौरीशंकर प्रजापति, भागीरथ सिसोदिया, मोहनलाल भार्गव, होतम सिंह, मनोहर, मनोहर मंत्री, बाबूलाल कुम्भकार, डॉ. दिनेश, डॉ. मोहन, डॉ. यू.एस. चतुर्वेदी, कैलाश प्रजापति, फुंदीलाल, अशोक प्रजापति, राजेश वर्मा, तहसीलदार जगदीश प्रजापति और डॉ. मोहन कुम्भकार सहित समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही।

## आर्यभट्ट गणित चैलेंज में लवीना ने अर्जित की उपलब्धि

**संतनगर।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी से संबद्ध नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की प्रतिभाशाली छात्रा लवीना सावलानी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों तथा संस्था का गौरव बढ़ाया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर की चुनौती विद्यार्थियों में गणितीय तर्कशक्ति, तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित की जाती है। लवीना ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस उपलब्धि को प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने लवीना की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।



लवीना

प्रथम चरण पूर्ण, 3 लाख 29 हजार 167 बकायादार ने कराया पंजीयन

# समाधान योजना का दूसरा चरण शुरू... 1 जनवरी से 28 फरवरी तक सरचार्ज में 90% तक छूट का अवसर

373 करोड़ 30 लाख मूल राशि हुई जमा, 204 करोड़ 75 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। अब समाधान योजना का दूसरा चरण 01 जनवरी से शुरू हो गया है जो कि 28 फरवरी तक चलेगा।

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की



समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3लाख 29 हजार 167 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 373 करोड़ 30 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 204 करोड़ 75 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

### एक नजर मेंसमाधान योजना वर्ष 2025-26

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य तीन माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हुआ जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत कुछ कम है। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक थी, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया गया।

कैबिनेट में कई अहम फैसले, ऑटो एक्सपो के लिए सरकार का बड़ा ऐलान, रोड टैक्स में मिलेगी छूट

# रायपुर की पुलिसिंग में बड़ा बदलाव, पुलिस कमिश्नरी पर लगी मुहर, 23 जनवरी से होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने नए साल के पहले प्रशासनिक और आर्थिक मोर्चे पर कई बदलावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने राजधानी रायपुर की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए 23 जनवरी से रायपुर महानगरीय पुलिस जिला में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही पुलिस मुख्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का एक नया पद भी सृजित किया गया है।नई पुलिस कमिश्नरी प्रणाली में आईजी स्तर के अधिकारी कमिश्नर पदस्थ होंगे। एडिशनल कमिश्नर के पद पर डीआईजी स्तर के अधिकारी पदस्थ होंगे। ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर आईपीएस अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। कुल मिलाकर कमिश्नर से लेकर इंस्पेक्टर तक कुल 62 अधिकारी-कर्मचारियों की पोस्टिंग होगी। बताया गया है कि पुलिस को प्रशासनिक के साथ-साथ मजिस्ट्रियल अधिकार भी रहेंगे। आयुक्त प्रणाली लागू होने से कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

खास खबर



### ऋण अदायगी से कम होगा वित्तीय बोझ

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा लिए गए ऋणों को पूरी तरह चुकता करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 55.69 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। पांच राष्ट्रीय निगमों का कर्ज चुकाने से राज्य शासन को प्रतिवर्ष होने वाले 2.40 करोड़ रुपये के ब्याज खर्च से मुक्ति मिलेगी और शासन की 229.91 करोड़ रुपये की गारंटी देनदारी भी समाप्त हो जाएगी।



### तेंदूपत्ता खरीदी के लिए ऋण लेने राज्य शासन देगी गारंटी

कैबिनेट ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के हित में वर्ष 2026 के लिए 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी के लिए ऋण लेने के लिए राज्य शासन की गारंटी देने की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त कोदो, कुटकी और रागी के प्रसंस्करण और बिक्री के लिए लघु वनोपज संघ को कार्यशील पूंजी देने का निर्णय लिया गया है। अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन और विपणन के लिए लघु वनोपज संघ को 30 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

### उद्योग-निवेश को बढ़ावा ऑटो एक्सपो में भारी छूट



राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में 20 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाले 9वें ऑटो एक्सपो के लिए सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। एक्सपो के दौरान बिकने वाले वाहनों पर लाइफ टाइम रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह राहत पूरे प्रदेश के वाहन विक्रेताओं और खरीदारों के लिए उपलब्ध होगी। इसके अलावा औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में भी संशोधन किए गए हैं, ताकि निवेश और रोजगार सृजन को और अधिक गति दी जा सके।

### राइस मिलरों के लिए प्रोत्साहन और राहत



धान मिलिंग को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने उसना मिलिंग पर प्रोत्साहन राशि को 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। साथ ही प्रोत्साहन राशि की पात्रता के लिए न्यूनतम मिलिंग अवधि को 3 माह से घटाकर 2 माह कर दिया गया है। कस्टम मिलिंग के लिए बैंक गारंटी पर देय स्टाम्प शुल्क को 0.25 से घटाकर मात्र 0.05 प्रतिशत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिससे मिलरों को बड़ी राहत मिलेगी।

## 90% से अधिक गोला-बारूद की स्वदेशी आपूर्ति, 'आत्मनिर्भर' हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना निरंतर अपनी युद्ध क्षमता बढ़ा रही है। खास तौर पर लंबी अवधि तक चलने वाले युद्धों की सशक्त तैयारी की जा रही है। इसका एक मजबूत आधार गोला-बारूद की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। सेना के मुताबिक गोला-बारूद की आपूर्ति में 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता हासिल कर ली गई है। तेजी से बदलते सुरक्षा वातावरण, अनिश्चितताओं और दीर्घकालिक संकटों के दौर में किसी भी देश की सैन्य क्षमता केवल आधुनिक हथियारों पर नहीं, बल्कि लगातार संचालन जारी रखने की क्षमता पर निर्भर करती है। गोला-बारूद, स्पेयर पार्ट्स और लॉजिस्टिक्स इसी निरंतरता की रीढ़ होते हैं। इसी महत्व को समझते हुए, भारतीय सेना ने गोला-बारूद उत्पादन में आत्मनिर्भरता को अपनी तैयारी की केंद्रीय रणनीति बनाया है।

### 'मेक इन इंडिया–मेक फॉर द वर्ल्ड' की दृष्टि



लंबे समय तक अपनी सैन्य गति को बरकरार रखने की चुनौती का समाधान करते हुए भारतीय सेना ने आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया–मेक फॉर द वर्ल्ड की दृष्टि के अनुरूप स्वदेशीकरण को तेज गति दी है। भारतीय सेना का कहना है कि वर्तमान में वह लगभग 200 प्रकार के गोला-बारूद और प्रिसीजन म्यूनिशन का संचालन करती है। नीतिगत सुधारों और उद्योग-सहयोग के माध्यम से इनमें से 90 फीसदी से अधिक का सफलतापूर्वक स्वदेशीकरण हो चुका है। इसका लाभ यह है कि अब इन्हें देश के भीतर से ही खरीदा जा रहा है।

बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में देश के बाहर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# बकिंघम पैलेस के पास प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस कुमार्स की 150 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और इसके पूर्व सीएमडी नितिन कासलीवाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है। एजेंसी के अनुसार, यह संपत्ति नितिन शंभुकुमार कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के लाभकारी स्वामित्व में है।

बैंकों के साथ 1,400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का

टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया



नितिन कासलीवाल

### बैंकों से लिए ऋण को विदेश भेजा

नितिन कासलीवाल पर भारतीय बैंकों के एक कंसोर्टियम (समूह) के साथ लगभग 1,400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि एस कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंकों से लिए गए ऋण को गलत तरीके से विदेशी निवेश के नाम पर भारत से बाहर भेजा गया। ईडी के बयान के अनुसार, नितिन कासलीवाल ने बैंकों के फंड को डाइवर्ट किया और विदेशी न्यायक्षेत्रों में निजी ट्रस्टों और कंपनियों की एक जटिल संरचना के माध्यम से इन संपत्तियों को छुपाया।

### विदेशी ट्रस्टों और शेल कंपनियों का जाल

*एजेंसी की ओर से 23 दिसंबर को की गई छापेमारी और जब्त किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से एक बेहद जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि कासलीवाल ने ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई), जर्सी और स्विट्जरलैंड जैसे टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया था। एजेंसी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि नितिन कासलीवाल ने कैथरीन ट्रस्ट (पूर्व में सूर्या ट्रस्ट) की स्थापना की थी, जिसमें वह और उनके परिवार के सदस्य मुख्य लाभार्थी थे। बयान के अनुसार, यह ट्रस्ट जर्सी और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में स्थित कैथरीन प्रॉपर्टी होल्डिंग लिमिटेड (सीपीएचएल) नामक कंपनी को नियंत्रित करता था जिसके पास लंदन में स्थित उस अचल संपत्ति का स्वामित्व था जिसे अब कुर्क किया गया है।*

## सोने-हीरे के गहनों से भरा सूटकेस और 5 करोड़ की नकदी जब्त

ईडी ने मंगलवार को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार स्थित एक परिसर में छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, गहने और दस्तावेज जब्त किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान 5.12 करोड़ रुपए नकद, सोने और हीरे के गहनों से भरा एक सूटकेस बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा, चेक बुक से भरा एक बैग और करीब 35 करोड़ रुपए की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई अभी जारी है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

### 35 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज जब्त

यह तलाशी कार्रवाई इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं व व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दर्ज एक कथित धनशोधन मामले में की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी और बरामदगी इंदरजीत सिंह यादव के सहयोगी अमन कुमार के परिसरों से की गई है। यह तलाशी 30 दिसंबर को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार इलाके में शुरू हुई थी। इस दौरान ईडी ने 5.12 करोड़ रुपए नकद, एक सूटकेस में रखे सोने और हीरे के गहने जिनकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपए बताई गई है और एक बैग में रखी चेक बुक व लगभग 35 करोड़ रुपए की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।



बरामद सोने-चांदी के आभूषण और नकदी

डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

## यूरिया के कट्टों में छिपाया 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट जब्त, दो गिरफ्तार



गिरफ्तार किए गए आरोपी

एजेंसी ▸▸ टोंक

राजस्थान के टोंक जिले में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विस्फोटक सामग्री की अवैध सप्लाई का भंडाफोड़ किया है। टीम ने एक कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है और बूंदी जिले के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस कार्रवाई में सप्लाई के लिए इस्तेमाल की जा रही मारुति सियाज कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी यूरिया खाद के कट्टों में छुपाकर करीब 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट लेकर आ रहे थे। यह विस्फोटक सामग्री बूंदी से टोंक सप्लाई के लिए लाई जा रही थी। डीएसटी टीम को इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर बरौनी थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

### कई विस्फोटक सामग्री मिली

तलाशी के दौरान पुलिस ने अमोनियम नाइट्रेट के अलावा 200 खतरनाक एक्सप्लोसिव कार्टेज, साथ ही सेफ्टी फ्यूज वायर के 6 बंडल भी बरामद किए। प्रत्येक बंडल में करीब 183 मीटर वायर थी, इस तरह कुल मिलाकर लगभग 1100 मीटर से अधिक फ्यूज वायर जब्त की गई है। डीएसटी टीम ने इस मामले में बूंदी जिले के निवासी सुरेंद्र पुत्र भंवर लाल पटवा और सुरेंद्र मोची पुत्र दुलीलाल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी कार में विस्फोटक सामग्री लेकर बूंदी से टोंक सप्लाई देने आ रहे थे।

### पुलिस गहन पूछताछ कर रही

फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि विस्फोटक सामग्री कहां और किस उद्देश्य से ले जाई जा रही थी। मामले में आगे की जांच जारी है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने के करीब 95 फीसदी मुद्दों पर बनी सहमति


**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर बड़ी प्रगति का दावा किया है। सुरक्षा गारंटी पर लगभग सहमति बन चुकी है, लेकिन डोनबास जैसे इलाकों का भविष्य अब भी सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है। अगले कुछ हफ्ते निर्णायक माने जा रहे हैं। उम्मीद है आने वाले साल में यह जंग खत्म जाए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच रविवार को हुई अहम मुलाकात के बाद यूक्रेन युद्ध को लेकर उम्मीदें तेज हो गई हैं। दोनों नेताओं ने कहा है कि युद्ध खत्म करने के समझौते के बेहद करीब पहुंच चुके हैं, हालांकि अब भी एक-दो ऐसे मुद्दे हैं जो सबसे ज्यादा उलझे हुए हैं। यह बातचीत अमेरिका के फ्लोरिडा में ट्रंप के मार ए लागो रिसॉर्ट में हुई, जहां दोनों नेताओं ने करीब तीन घंटे तक बंद कमरे में चर्चा की और बाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की।

यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि कुछ ही हफ्तों में यह साफ हो जाएगा कि शांति वार्ता सफल होगी या नहीं। उनके मुताबिक बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और दोनों पक्षों के बीच भरोसा बढ़ा है। जेलेंस्की ने भी इसे सकारात्मक बैठक बताया और कहा कि शांति के ढांचे पर अहम सहमति बन चुकी है। सबसे बड़ा दावा सुरक्षा गारंटी को लेकर किया गया। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर पूरी सहमति बन गई है। वहीं ट्रंप ने कहा कि इस पर करीब 95 फीसदी सहमति हो चुकी है और यूरोपीय देश इसमें बड़ी भूमिका निभाएंगे, जबकि अमेरिका उनका समर्थन करेगा। दोनों नेताओं ने माना कि बिना मजबूत सुरक्षा गारंटी के स्थायी शांति संभव नहीं है। इस बैठक से ठीक पहले ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच भी फोन पर बातचीत हुई थी। ट्रंप ने इसे उपयोगी बताया, जबकि क्रेमलिन ने इसे दोस्ताना बातचीत कहा. रूस की तरफ से कहा गया कि यूरोप और यूक्रेन की ओर से प्रस्तावित 60 दिन का युद्धविराम युद्ध को लंबा कर सकता है और डोनबास पर फैसला जल्द होना चाहिए। रूस ने यह भी बताया कि आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों पर काम करने के लिए संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति बनी है।

ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि पुतिन और जेलेंस्की दोनों ही शांति को लेकर गंभीर हैं। बातचीत में जापोरिज्जिया न्यूक्लियर पावर प्लांट का मुद्दा भी उठा। अमेरिका ने इस पर साझा नियंत्रण का प्रस्ताव रखा है और वहां बिजली लाइनों की मरम्मत का काम शुरू हो चुका है। अमेरिका और यूक्रेन के बीच 20 बिंदुओं की शांति योजना पर भी चर्चा हुई, जिसमें करीब 90 फीसदी मुद्दों पर सहमति बताई जा रही है।

## शब्द पहेली - 6096



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरूर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -6095 का हल



## सूडोकु नवताल - 6106

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENAPATHI, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल - 6105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

नववर्ष मनोरंजन रूपरेखा

# 2026 में लगा 5250 करोड़ का दांव!

## इन पांच अपकमिंग फिल्मों से दहलेगा बॉक्स ऑफिस





### बॉर्डर 2

सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारों से सजी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का बजट 150 से 300 करोड़ रुपए के बीच बताया जा रहा है।

साल 2025 में छावा, सैयारा और धुरंधर जैसी फिल्मों के तूफान ने अब 2026 के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह साल इन तीन फिल्मों के लिए सबसे खास रहा। एक हिस्टोरिकल, एक रोमांटिक और एक स्पाई थ्रिलर का जलवा इतना जबरदस्त रहा कि मेकर्स मालामाल हो गए। अब इंतजार साल 2026 का है। नए साल में नया धमाका होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं जिन पर मेकर्स बेतहाशा पैसा लगा रहा हैं। इस साल पांच बड़ी फिल्मों पर 5 हजार से भी ज्यादा का दांव लगाया गया है।

### धुरंधर 2

आदित्य धर निर्देशित धुरंधर की सफलता के बीच इसके दूसरे पार्ट यानी धुरंधर 2 का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। फिल्म चार महीने के अंदर ही थिएटर्स में दस्तक देने वाली है। यह 2026 की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवीज में से एक है जो अगले साल 19 मार्च को बड़े पर्दे पर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले और दूसरे पार्ट को मिलाकर मेकर्स ने करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।




### रामायण

2026 में रिलीज हो रही सबसे बड़ी फिल्मों में एक नाम रामायण का भी है जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से चर्चा है। दो पार्ट में रिलीज हो रही फिल्म पर कथित तौर पर 4000 करोड़ रुपए बजट लगाया जा रहा है। पहला पार्ट 2026 की दीवाली पर रिलीज होगी और दूसरा पार्ट 2027 में आएगा। फिल्म में भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर निभाते हुए दिखाई देंगे।


### लव एंड वॉर

हीरामंडी सीरीज के बाद अब संजय लीला भंसाली लव एंड वॉर लेकर आ रहे हैं। इस मच अवेटेड फिल्म में विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कथित तौर पर इस फिल्म को 200 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है।

### किंग

तीन साल बाद फिर से बॉलीवुड के बादशाह शाह रुख खान की वापसी होने जा रही है। वह सिद्धार्थ आनंद निर्देशित किंग में नजर आएंगे जो अगले साल रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक इसकी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं की गई है। फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।





## 120 बहादुर ओटीटी पर 16 जनवरी को होगी रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' अब ऑनलाइन रिलीज होने के लिए तैयार है। आप इस फिल्म को नए साल पर और गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले घर बैठकर देख सकेंगे। ये दो महीने पहले थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद '120 बहादुर' फिल्म अब डिजिट रिलीज के लिए तैयार है। ये ऐतिहासिक वॉर ड्रामा 21 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुआ था। अब जनवरी 2026 में ओटीटी पर दस्तक दे देगी। '120 बहादुर' फिल्म 16 जनवरी 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म केवल सब्सक्राइबर्स के लिए ही उपलब्ध होगी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अकेली हूं पर कोई बेचैनी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चित्रांगदा सिंह ने साल 2005 में 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से फिल्मों में डेब्यू किया। अपने कॅरियर की शुरुआत से ही जोधपुर में पैदा हुई इस हसीना ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय का सिक्का जमाया। अर्थपूर्ण भूमिकाओं को तरजीह दी।

ये साली जिंदगी, इनकार, साहब बीवी गैंगस्टर 3 जैसी फिल्मों में उनके काम की खूब सराहना हुई। लेकिन, उनके कॅरियर का सबसे मुश्किल दौर वो था, जब सात साल के अंतराल के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कमबैक किया। एक सिंगल पैरंट होने ले कारण आप कितनी सशक्त हुई हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस बारे में कोई बात करना चाहूंगी, क्योंकि मेरा मानना है कि को-पैरेंटिंग होती है, सिंगल पैरेंटिंग नहीं होती। मैं इसमें किसी चीज का क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगी। को-पैरेंटिंग जरूरी है। ये आवश्यक है कि आप उसे किस परिपक्वता के साथ हैंडल करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन के अप्स एंड डाउन ने मुझे बहुत हेल्प किया। वो जरूरी था बहुत। आपकी जो इमोशनल ग्रोथ होती है, वो निजी जिंदगी की कठिनाइयों से ही आती है। जो चीजें आपको व्यक्तिगत जीवन में प्रभावित करती हैं, उन्हीं से आप सबक लेकर मजबूत बनते हैं। उन तमाम उतार-चढ़ावों ने मेरी बहुत मदद की और आज में काफी खुशनुमा व्यक्ति हूं। आज मैं अपने आपको ज्यादा समझती हूं और खुद से खुश भी हूं कि आज मैं अकेली हूं, मगर मेरे अंदर बेचैनी नहीं है। एक अभिनेत्री के रूप में भी मैं आज भावनात्मक रूप से संपन्न हूं।




हॉलीवुड मसाला

## डूम्सडे में थॉर की वापसी का ऐलान



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के चार टीजर में से दूसरा भी रिलीज कर दिया है। पहले जहां कैप्टन अमेरिका की एमसीयू में वापसी का टीजर शेयर किया गया था, वहीं, अब नए टीजर में थॉर की वापसी का ऐलान किया गया है। वह अपने दिवंगत देवता पिता ओडिन से आखिरी युद्ध पर जाने के लिए आशीर्वाद मांग रहा है। मार्वल वाले 'डूम्सडे' की कहानी को लेकर भरपूर सीक्रेसी बना रहे हैं। हालांकि, उनके चार में से तीन टीजर रिलीज से पहले ही लीक हो गए और फैंस को डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर की भी झलक दिख गई।



## टायरीज ने 14 साल की उम्र में सड़कों पर देखे थे दंगे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टायरीज डार्नेल गिब्सन ने एक ऐसी फिल्म की थी, जिसमें काम करते वक्त इनकी रूह कांप गई थी। जानते हैं क्यों? लॉस एंजिल्स के जिस दंगे पर ये फिल्म बनी थी इन्होंने अपने सामने होते हुए देखे थे। तब वो महज 14 साल के थे। उन्होंने सड़कों पर लूटपाट, दंगे और विरोध प्रदर्शन देखा था, और फिल्म करते वक्त वो सब मंजर आंखों के आगे तैर गया था। टायरीज का बचपन काफी स्ट्रगल से भरा रहा। वे लॉस एंजिल्स के वॉट्स इलाके में पले-बढ़े, जिसे अमेरिका के डिफिकल्ट सोशल एरियाज़ में गिना जाता है। शुरुआती दिनों में उन्होंने ऐड से कॅरियर की शुरुआत की। 1990 के दशक में एक कोका-कोला ऐड से उन्हें पहली बार काफी पहचान मिली। इसके बाद उनका इंटरेस्ट म्यूजिक की ओर गया और 1998 में उन्होंने अपना पहला आर एंड बी एल्बम टायरीज रिलीज किया, जो काफी सफल रहा।

टीवी मसाला




## केबीसी 17 फिनाले में सिंगिंग का हुनर दिखाएंगे बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का क्विज बेस्ड रियालिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति'का 17वां सीजन फिनाले के करीब पहुंच गया है। 'केबीसी 17' का फिनाले वीक जारी है जिसकी शुरुआत कुमार मंगलम बिरला के एपिसोड से हुई और अब ये खत्म होने को आय़ा है। आखिरी एपिसोड में अमिताभ बच्चन फैंस को अपने स्पेशल सरप्राइज से हैरान करने वाले हैं। बिग बी लास्ट एपिसोड में करीबन 32 मिनट तक नॉन स्टॉप गाने गाते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन अपने कुछ पसंदीदा गीत गाते दिखेंगे। उन्होंने बागबान का होरी खेले रघुवीरा, सिलसिला का रंग बरसे भीगे चुनरवाली, तीसरी कसम का चलत मुसाफिर, लावारिस का मेरे अंगने में जैसे अपने सदाबहार गाने और कुछ खास पारंपरिक गीत भी गाए। कुल 32 मिनट तक बिग बी ने गाना गाकर फैंस का मनोरंजन किया। अमिताभ बच्चन का यह अनोखा और भावुक अंदाज पूरे स्टूडियो का माहौल और भी खास बना देगा और फिनाले को एक बड़े जश्न में बदल देगा। यह खास पल तब सामने आएगा जब सेट पर एक स्पेशल एवी चलाया जाएगा, जिसमें सीजन की यात्रा, कहानियां और भावनात्मक लम्हे दिखाए जाएंगे। इस फिल्म को देखकर कंटेस्टेंट्स, ऑडियंस और खुद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो जाते हैं। सभी का जोश बढ़ाने के लिए बिग बी ने खुद बिना रुके गाने का फैसला किया। अमिताभ बच्चन लगातार गाते नजर आएंगे और ऑडियंस खड़े होकर तालियां बजाएगी, चीयर करेगी और उनके साथ गाएगी।'कौन बनेगा करोड़पति' की बात करें तो यह शो नॉलेज देने के साथ-साथ फिल्ममेकर्स के लिए अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के प्रमोशन का हॉटस्पॉट भी बन गया है।

## नीम करोली बाबा पर नई वेब सीरीज 'संत', एआई से दिखाए जाएंगे कैंची धाम बाबा के चमत्कार

**मुंबई।** चमत्कारी संतों में शुमार किए जाने वाले नीम करोली बाबा की जिंदगी पर एक वेब सीरीज का ऐलान किया गया है, जिसका नाम 'संत' है। यह सात पार्ट की वेब सीरीज होगी, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। इसमें महान संत नीम करोली बाबा के जीवन, दर्शन और वैश्विक प्रभाव की कहानी दिखाई जाएगी। नीम करोली बाबा, कैंची धाम बाबा के नाम से भी मशहूर हैं। ये वही संत हैं, जिन्होंने स्टीव जॉब्स, मार्क जकरबर्ग और जूलिया रॉबर्ट्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को भी गहराई से प्रभावित किया था। 'संत' सीरीज नीम करोली बाबा की असाधारण आध्यात्मिक यात्रा, उनके प्रेम, सेवा, भक्ति और करुणा के दर्शन को आधुनिक सिनेमा की भाषा में दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। 'संत'को एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो भारतीय आध्यात्म और विश्व सिनेमा के बीच एक पुल का काम करेगा।



**2 साल से चल रहा काम** : इस प्रोजेक्ट पर पिछले दो साल से काम चल रहा है, जिसमें रिसर्च भी शामिल है। इसमें आध्यात्मिक विद्वानों, इतिहासकारों और क्रिएटिव एक्सपर्ट्स की भी मदद ली गई है ताकि प्रेजेंटेशन पूरी तरह प्रामाणिक, संवेदनशील और गहराईपूर्ण हो।

### 20 भाषाओं में बनेगी 'संत' सीरीज

नीम करोली बाबा पर 'संत' सीरीज को 20 भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें **AI** की मदद ली जाएगी और नीम करोली बाबा के विजुअल्स तैयार किए जाएंगे। साथ ही इसमें लाइव-एक्शन सिनेमैटिक शूट और हाई-एंड वीएफएक्स भी भरपूर होंगे ताकि अलग-अलग कालखंडों और घटनाओं को उसी तरह से प्रभावशाली ढंग से दिखाया जा सके, जैसी वो घटी थीं।


## 2026 में पर्दे पर धमाल मचाने आ रहीं हॉलीवुड की ये फिल्में

**मुंबई।** साल 2026 आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नए साल के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों की जबरदस्त हलचल देखने को मिलेगी। सुपरहीरो यूनिवर्स, ऐनिमेशन, हॉरर और एडवेंचर से भरपूर कई बड़ी फिल्में 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं, जिनका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

**स्पाइडरमैन- ब्रैंड न्यू डे** : मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म स्पाइडरमैन फ्रैंचाइजी को एक नए दौर में ले जाती है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। 'नो वे होम' के बाद पीटर की जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी है और यही बदलाव इस फिल्म की कहानी की बुनियाद बनेगा। फिल्म में जेंडाया और जैकब बैटलोन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये फिल्म 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

**अवेंजर्स डूम्सडे** : मार्वल यूनिवर्स की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'अवेंजर्स डूम्सडे' को फेज-6 की सबसे निर्णायक फिल्म माना जा रहा है। इस बार कहानी मल्टीवर्स के सबसे खतरनाक खतरे पर आधारित होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में कई पुराने एवेंजर्स के साथ नए सुपरहीरो भी शामिल होंगे। यह फिल्म 2026 के अंत में 18 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

**टॉय स्टोरी 5** : पिक्सार की सुपरहिट एनिमेटेड सीरीज 'टॉय स्टोरी' की पांचवीं फिल्म बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी भावुक करने वाली है। वुडी, बज और उनके दोस्त एक नई दुनिया और नई चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट पोर्टल्स के अनुसार 'टॉय स्टोरी 5' 2026 की 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।








**28 ईयर्स लेटर- द बोन टेंपल** : हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 28 ईयर्स लेटर फ्रैंचाइजी की यह अगली कड़ी किसी तोहफे से कम नहीं है। 28 ईयर्स लेटर में वायरस से तबाह दुनिया की कहानी को और भी डरावने और यथार्थ रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म में नए कलाकारों के साथ पुराने किरदारों की झलक भी देखने को मिल सकती है। ये फिल्म अगले साल 16 जनवरी को दस्तक देने जा रही है।

**जुमानजी 3** : ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक स्टारर 'जुमान जी' एक बार फिर एडवेंचर और कॉमेडी का तड़का लगाने आ रही है। इस बार जुमांजी की दुनिया और भी खतरनाक और रहस्यमयी होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये फिल्म 11 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।

**द ओडिसी** : प्रसिद्ध ग्रीक महाकाव्य पर आधारित द ओडिसी एक भव्य ऐतिहासिक-एडवेंचर फिल्म होगी। इसमें युद्ध, साहस और इंसानी संघर्ष को बड़े पैमाने पर दिखाया जाएगा। हॉलीवुड की बड़ी प्रोडक्शन कंपनियां इस प्रोजेक्ट को अवॉर्ड-कंटेंडर मानकर चल रही हैं। ये फिल्म अगले साल 17 जुलाई को रिलीज होने जा रही है।


**द मंडलोरियन एंड ग्रोगु और सुपरगर्ल** : स्टार वॉर्स यूनिवर्स की यह फिल्म डिज्नी प्लस की लोकप्रिय सीरीज को बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। मंडलोरियन और ग्रोगु की जोड़ी एक नए मिशन पर निकलती नजर आएगी। इंटरनेशनल रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म 2026 की 22 मई को रिलीज होने वाली है।

**स्ट्रीट फाइटर** : फेमस वीडियो गेम पर आधारित स्ट्रीट फाइटर एक बार फिर लाइव-एक्शन अवतार में लौट रही है। फिल्म में दमदार फाइट सीक्वेंस, नए किरदार और हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिलेगा। मेकर्स इसे ग्लोबल ऑडियंस के लिए बड़े स्तर पर पेश करने की तैयारी में हैं। ये फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होगी।

# परनीत-अभिषेक तीरंदाज टॉप्स कोर समूह में, डोप कलंकित रीतिका बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं।





### डोप टेस्ट में नाकाम रहीं थीं हुड्डा

एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता रीतिका हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी। भारतीय खेल प्राधिकरण के एक सूत्र ने हुड्डा के बारे में पूछने पर बताया अब उन्हें बाहर कर दिया गया है।'' विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा ,'' हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी।'' सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।



### तीरंदाजी कंपाउंड की सूची में 8 खिलाड़ी

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार कंपाउंड तीरंदाजों को ताजा सूची में रखा गया है । तीरंदाजी इन खेलों का हिस्सा होगी। परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है जबकि तीन रिकर्व सितारों दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है । अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और ऋषभ यादव के नाम भी सूची में शामिल हैं।

### खिलाड़ियों को मिलने वाली राशि

टॉप्स में कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल समूह के खिलाड़ियों को 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट ' भत्ता दिया जाता है। इसके अलावा विदेश में ट्रेनिंग और प्रतियोगिता के दौरान 25 डॉलर प्रतिदिन दिये जाते हैं ।

## खबर संक्षेप



### एमबाप्पे चोटिल, तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध

**पेरिस।** स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है। यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

### टी-20 विश्व कप से पहले मलिंगा बने श्रीलंका के गेंदबाजी सलाहकार

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जो कि भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। इस वैश्विक प्रतियोगिता से ठीक पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपनी टीम का तेज गेंदबाजी कोच सलाहकार नियुक्त किया है। बोर्ड ने माना कि मलिंगा की नियुक्ति से श्रीलंका का गेंदबाजी सेक्शन अच्छा परफार्म करेगा। बता दें कि विश्व कप में श्रीलंका ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और ओमान के साथ शामिल है।



### कैपिटल्स और पार्ल रॉयल्स की आसान जीत

**केपटाउन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से विहान लुब्बे ने 36 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 60 रन और शाई होप ने 30 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। लेकिन वह डेवाल्ड ब्रेविस (13 गेंदों पर नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (15 गेंदों पर नाबाद 47, छह छक्के) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी थी जिससे प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।

### रोबर्टो कार्लोस के दिल की सर्जरी की गई

**साओ पाउलो।** ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस ने पुष्टि की कि बुधवार को उनके दिल की सर्जरी हुई थी और अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। कार्लोस ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह मुस्कुरा रहे हैं। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे दिल का दौरा नहीं पड़ा। मैं अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने पेशेवर और व्यक्तिगत कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं। अस्पताल ने बताया कि रॉबर्टो कार्लोस की हालत स्थिर है और चिकित्सा प्रोटोकॉल के कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में में रखा जाएगा।रॉबर्टो कार्लोस ने ब्राजील के लिए 125 मैच खेले। वह 11 वर्ष तक रियाल मैड्रिड के लिए खेलते रहे।

टी-20 विश्व कप

# मिचेल मार्श संभालेंगे ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान, कमिंस शामिल



एजेंसी ▶▶| सिडनी

टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। मिचेल मार्श की कप्तानी वाली टीम में पैट कमिंस, टिम डेविड और जोश हेजलवुड को भी चुना गया है।

बता दें कि कमिंस, डेविड और हेजलवुड फिलहाल अपनी-अपनी फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ मिशेल ओवेन और बेन ड्वार्शियस इस प्रारंभिक टीम में अपनी जगह नहीं बना सके हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने अभियान की शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच से करेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम ग्रुप-बी में मौजूद है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुने गए हैं पांच स्पिनर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। युवा ऑलराउंडर कोनोली पर भी चयनकर्ताओं ने भरोसा जताया है। उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 22 वर्षीय ये खिलाड़ी इस समय बिग बैश लीग में खेल रहे हैं।

**चोटिल खिलाड़ियों को लेकर क्या बोले चयनकर्ता :** प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, टी-20 टीम ने हाल ही में लगातार सफलता हासिल की है, जिससे हमें श्रीलंका और भारत में मिलने वाली अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से खिलाड़ियों का संतुलन बनाने में मदद मिली।

### ऐसी है ऑस्ट्रेलियाई टीम


टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, और एडम जैम्पा।

# बिग बैश लीग में मिचेल मार्श ने 55 गेंदों में जड़ा शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पर्थ स्कॉर्चर्स और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बिग बैश लीग 2025-26 में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ 19वें मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके टी-20 करियर का चौथा शतक रहा। उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों का सामना कर अपना शतक पूरा किया। बीबीएल में इस खिलाड़ी के बल्ले से निकला यह दूसरा शतक है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

मार्श ने 58 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 175.86 की रही। उनके अलावा आरोन हार्डी ने 43 गेंदों का सामना कर 94 रन बनाए। हार्डी और मार्श ने 84 गेंदों में 164 रन की शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों की पारियों के दम पर पर्थ की टीम 229/3 का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।



मार्श ने अब तक 222 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 209 पारियों में लगभग 33 की औसत से 5,500 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 34 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 137.17 की रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने 81 टी-20 की 76 पारियों में 33.06 की औसत और 139.79 की स्ट्राइक रेट से 2,083 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं।

बीबीएल में मार्श ने अब तक 76 मुकाबले खेले हैं और इसकी 75 पारियों में 36.92 की औसत से 2,031 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 2 शतक और 12 अर्धशतक लगाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 135.30 की रही है। मार्श का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 102 रन रहा है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 46 पारियों में 37.68 की औसत से 25 विकेट चटकाए हैं।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और फीडर सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे 10 देशों के 334 खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में आज शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी। इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 एकल मुकाबलों से होगी। वहीं अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था।

**खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर प्रदर्शन का मौका : मेहता**

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव कमलेश मेहता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छी रैंकिंग जरूरी होती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
FDS और FDSS के CAMC के लिए ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**निविदा सूचना संख्या:** Mech_Cont_CAMC_FDSS_G
**कार्य का नाम:** कोचिंग डिपो, गोंदिया में जनशताब्दी एक्सप्रेस के LHB कोचों के FDS (फायर डिटेक्शन सिस्टम) और FDSS (फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम) का CAMC।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 78,22,687/- (GST सहित)
**बयाना राशि:** ₹ 1,56,500/-,
**अनुबंध की अवधि:** 3 वर्ष,
**निविदा प्रपत्र की लागत:** ₹ 0.00 (शुन्य)।
निविदा दस्तावेज़ IREPS वेबसाइट पर उपलब्ध है।
**ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय एवं बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक **19.01.2026** को **15:00** बजे तक, केवल वेब पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन।
इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है एवं ऐसे प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/55-247
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग-जबलपुर मंडल
क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/25
दिनांक : 31.12.2025
वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से सामान्य भुगतान और उपयोग वाले शौचालय का संचालन हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी**-पे एण्ड यूज, **कैटेलाग**-JBP-PayUse-PPI, **एसेट विवरण**-पिपरिया में सामान्य भुगतान और उपयोग शौचालय का संचालन। **ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय**-05.01.2026 को 12.30 बजे। **ऑक्शन समापन की तिथि एवं समय**-05.01.2026 को 13.00 बजे। **नोट**- 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखे। 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4.बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोलीदाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहे।
(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT
पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !
स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025
1 फरवरी, 2026 से लागू होगा
स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।
**अनिवार्य पंजीकरण**
(फार्म HSNS REG - 01)
- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करें
**मासिक उपकर भुगतान**
(फार्म HSNS PMT - 01)
- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।
**उपकर डेक्लेरेशन**
(फार्म HSNS DEC - 01)
- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।
**मासिक उपकर भुगतान**
(फार्म HSNS RET - 01)
- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्त्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।
CBC 15502/13/0049/2526
अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026-HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें
किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करे : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232
@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

## भक्ति, कला और संस्कृति से सराबोर संस्कारधानी

# नर्मदा कलश स्थापना के साथ चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का भव्य शुभारंभ



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में आयोजित चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का विधिवत शुभारंभ नर्मदा कलश स्थापना के साथ अत्यंत भक्तिमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का श्रीगणेश पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, पंडित रोहित दुबे, आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। नर्मदा कलश की स्थापना श्री सुधीर अग्रवाल एवं विनोद दीवान द्वारा की गई। इस अवसर पर वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता हेतु नगर एवं ग्रामीण अंचलों में आयोजित सुंदरकांड पाठों की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में मानस भवन सभागार में नेमा मानस मंडल एवं नयागांव महिला मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया। सुंदरकांड प्रभारी विनोद दुबे एवं राजेन्द्र नेमा ने बताया कि इस आयोजन में 82 रामायण मंडलियों की सहभागिता रही, जिससे पूरा सभागार भक्तिरस में डूब गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेणु अरुण पांडे एवं उनकी टीम द्वारा रामायण विषय पर की गई लाइव पेंटिंग दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रही। कलाकारों की सजीव कला प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गूंज से सभागार गूंज उठा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पुणे से पधारी प्रियल नाज पांडे गटकर द्वारा गीत रामायण की प्रस्तुति, जबलपुर की बाल कलाकार ईरा दीक्षित द्वारा "श्री रामचंद्र कृपालु भज मन" पर कथक नृत्य, वनवासी चेतना आश्रम की छात्राओं द्वारा राम भजन, विंग्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शिव तांडव, शिव शक्ति कला केंद्र द्वारा "रामं राघवम्" तथा त्रिविधा डांस एकेडमी की निलांगी कालांतरे द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने भरपूर सराहना दी।

### विशेष आकर्षणः रेत पर राम मंदिर

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ओडिशा के पुरी से पधारे प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट गोपाल चरण समाल रहे। उनके द्वारा रेत पर निर्मित राम मंदिर दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह उनका प्रथम जबलपुर आगमन था, जिसे दर्शकों ने मुक्तकंठ से सराहा। कार्यक्रम के समापन पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा सभी डेलीगेट्स के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया। कुल मिलाकर चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का यह शुभारंभ भक्ति, कला, संस्कृति और राममय वातावरण से ओतप्रोत रहा।



अनुश्री बिश्नोई गुप्ता द्वारा धनुष पर सुंदरकांड के 18 प्रमुख दृश्यों को नन्ही प्रतिमाओं के माध्यम से दर्शाया गया है।

### रामायण प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**जबलपुर।** मानस भवन जबलपुर की आर्ट गैलरी में आयोजित रामायण प्रदर्शनी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (नई दिल्ली) से आई गोड़ जनजाति की गोड़ रामायणी, तेलंगाना की नक्शी डाल कला, वेस्ट बंगाल के पट चित्र, बनारस, सरायकेला व वेस्ट बंगाल के मुखौटे, आंध्र प्रदेश, केरल व इंडोनेशिया की छाया पुत्र कलाएं, छत्तीसगढ़ के रामनवमी संप्रदाय की पेंटिंग्स तथा श्री रामचंद्र पाथ गमन न्यास भोपाल से आई 40 पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी में अनुश्री बिश्नोई द्वारा धनुष पर उकेरे गए सुंदरकांड पाठ की कलाकृति, सतीश श्रीवास्तव द्वारा राम और रामायण पर आधारित लगभग 25 देशों की डाक टिकटों का संग्रह, श्याम नारायण तिवारी द्वारा राम मंदिर पर आधारित अखबार संग्रह तथा देगाल्डरुआ शैली में सजी हनुमान चालीसा ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रदर्शनी की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। यह संपूर्ण आयोजन निःशुल्क है। आयोजन समिति के संकेत मलैया, मनोज नारंग, शरद काबरा, संजय यादव एवं रामजी अग्रवाल ने संस्कारधानी वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### आज मुख्यमंत्री करेंगे वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का विधिवत उद्घाटन

**जबलपुर।** मानस भवन के सभागार में आज शुक्रवार को चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का विधिवत उद्घाटन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास, भोपाल के अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुखिया मोहन यादव मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे। कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत दिनभर विविध सांस्कृतिक, बौद्धिक और शोधपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रमुख आकर्षणों में सांय 4:30 से 4:50 बजे तक "नंदीग्राम की एक शाम" मोनो थिएटर का मंचन होगा। इसके पश्चात सांय 6:00 से 7:30 बजे तक परम पूज्य जगतगुरु तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज (चित्रकूट) का प्रवचन होगा। रात्रि 7:30 से 8:00 बजे तक कवि कोविद "कहिए सके कहां ते" विषय पर श्री सुदीप भोला एवं रामायण द्विवेदी (अयोध्या) प्रस्तुति देंगे। रात्रि 8:00 से 9:15 बजे तक श्रीलंका के डान दिनेश कुमार द्वारा रावण के संगीत वाद्य यंत्रों का वादन तथा पटना की नाटक मंडली द्वारा भरत चरित्र पर नाट्य प्रस्तुति होगी।



सुबह के कार्यक्रम में प्रातः 9:00 से 9:45 बजे तक सरदार कुलजीत सिंह एवं उनकी टीम द्वारा शबद कीर्तन से शुभारंभ होगा। प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक "राम कथा—प्राचीन ज्ञान से वैश्विक दृष्टिकोण तक" विषय पर श्रीलंका, जबलपुर एवं चंडीगढ़ के शोधकर्ता अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

प्रातः 11:00 से 12:30 बजे तक राम वन पथ गमन पर संस्कृति विभाग के निदेशक श्री नामदेव अपने विचार रखेंगे। इसी अवसर पर "जहं जहं राम चरण चलि जाहिं" पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद राम वन गमन पथ निर्धारण की चुनौतियाँ, रामपथ यात्रा वृतांत, राम वन पथ में भाव प्रधानता तथा रामायण के माध्यम से वनवास के आधुनिक महत्व पर विद्वानों के विचार प्रस्तुत होंगे।दोपहर 12:35 से 1:30 बजे तक "दक्षिण-पूर्व एशिया में रामायणः साझा विरासत और राजधर्म" विषय पर शोध पत्र वाचन होगा, साथ ही शांतनु गुप्ता द्वारा छात्रों के साथ रामायण स्कूल पर चर्चा एवं "रामायण इन बॉलीवुड" विषय पर विचार रखे जाएंगे। आयोजकों के अनुसार, यह कॉन्फ्रेंस रामायण की वैश्विक विरासत, सांस्कृतिक संवाद और शोध को सशक्त मंच प्रदान करेगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में बाईक चालक युवक मृत, 2 महिलाएं घायल

### पाटन में दुर्घटना, आरोपी चालक की तलाश

**जबलपुर।** पाटन थानातंर्गत नाका पाटन में पीपल के पेड़ के पास अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने एक बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो महिला एक युवक नीचे गिरकर घायल हो गए, वहीं युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दोनों महिलाएं घायल हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सहजपुर निवासी 48 श्रीमति सुनीता यादव अपनी देवरानी 45 वर्षीय विमला यादव व विमला का छोटा बेटा जितेंद यादव के साथ बाईक में बैठकर तारादेही रिश्तेदारी में गए थे। तीनों मोटर सायकिल से कोटखेडा से अपने गॉव सहजपुर जा रहे थे जैसे ही नाका पाटन में पीपल के पेड के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने जितेन्द्र की मोटर सायकिल में टक्कर मार दी जिससे तीनों बाईक सहित नीचे गिर पडे। गिरने से सुनीता को हाथ में एवं देवरानी विमला को सिर मे चोटे आ गयी तथा जितेन्द्र को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटे आने के कारण मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी अज्ञात चार पहिया वाहन के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125ए, 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## नए साल में पिकनिक मनाने जा रहे परिवार का वाहन पलटा, कई घायल, 2 गंभीर



**जबलपुर।** साल के पहले दिन जबलपुर से पिकनिक मनाने सीताखुदरी डेम जा रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। परिवार का वाहन कुंडम के जैतपुरी संता ढाबा के पास अचानक पलट गया जिससे वाहन में सवार लगभग 18 लोग घायल हो गए। घायलों में से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पुलिस ने पहुंच राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में सवार होकर एक ही परिवार व संबंधियों के लगज्ञग 18 महिला, पुरुष एवं बच्चे पिकनिक मनाने जा रहे थे। उक्त पिकअप वाहन जैसे ही कुंडम के जैतपुरी संता ढाबा के पास तक पहुंचा कि इसी दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुचे पुलिस दल ने क्षेत्रीयजनो की मदद से घायलों को एम्बुलेन्स के जरिये अस्पताल पहंचाया जहां से 2 लोगों को अधिक चोट आने पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किए जाने की खबर है।

### अवैध मुरूम ढो रहा हाईवा बरामद, चालक गिरफ्तार

जबलपुर। बरगी पुलिस ने पेट्रोलिंग दौरान सालीवाड़ा वन डिपो के सामने मुरुम का अवैध परिवहन करते हुए हाईवा चालक को गिरफ्तार कर उसके पास से मुरुम से भरा हाईवा जब्त किया है। बरगी थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन डीएसपी हेमंत कुमार ने बताया कि गत शाम पेट्रोलिंग दौरान सालीवाड़ा वन डिपो के सामने हाईवा क्रमांक एमएच 30 बीडी 3164 में मुरूम लेकर जा रहे झंडू कंपनी समद पिपरिया बरगी निवासी 28 वर्षीय हाईवा चालक अजय कुमार भूइयां को गिरफ्तार कर लिया है। मुरूम लोड के सम्बंध में पूछताछ करने पर झण्डू कम्पनी के मैनेजर संतोष के कहने पर नर्मदा नदी पुल के पास से मुरूम लोड कर बेचने हेतु बरगी लाना बताया एवं रायल्टी के सम्बंध मे पूछने पर उसके पास कोई कागजात नहीं पाए गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हाईवा मुरूम सहित जप्त करते हुये धारा 303(2), 317(5), 3(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम तथा धारा 53 म.प्र. गौण खनिज अधिनियम एवं 130(3)/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## होटल में तेज आवाज में बज रहा था साउंड बाक्स

### पुलिस ने आपरेटर के विरूद्ध की कार्रवाई

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत शॉन एलीजे होटल में नए साल में तेज आवाज में साउंड बॉक्स बजाने वाले आपरेटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 2 बड़े साउण्ड, एक मिक्सर मशीन, 1 कार्डलेस माईक जब्त किया है। तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि देर रात पेट्रोलिंग के दौरान नए साल में शॉन एलीजे होटल में तेज साउंड से डीजे बजाए जा रहे थे। सूचना मिलने पर शॉन एलीजे होटल में दबिश दी गई जहां होटल के पीछे लॉन में तेज डीजे साउंड में लोग पार्टी कर रहे थे। पुलिस ने साउंड ऑपरेटर लम्हेटा मोड़ सगड़ा तिलवारा निवासी 36 वर्षीय भानूप्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। साउण्ड बजाने की अनुमति पूछने पर उसके पास कोई अनुमति नहीं होना बताया। पुलिस ने आरोपी साउण्ड आपरेटर के कब्जे से 2 बड़े साउण्ड, 1 मिक्सर मशीन, 1 कार्डलेस माईक जप्त करते हुये, आरोपी साउण्ड आपरेटर भानूप्रताप सिंह के विरूद्ध धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## आज भी घंटों देर से चल रही यात्रियां गाड़ियां



**जबलपुर।** साल के आज पहले दिन ही ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों की परेशानियां बढ़ी हुई हैं. जबलपुर से सोमनाथ जाने वाली ट्रेन को 2 घंटा रीशेड्यूल किया गया है. वहीं मेमू ट्रेन भी रीशेड्यूल की है. इसके अलावा महाकोशल एक्सप्रेस 7 घंटा विलंब से जबलपुर पहुंचने की संभावना थी. बताया जाता है कि गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-वेरावल (सोमनाथ एक्सप्रेस) जिसका जबलपुर से छूटने का समय दापहर 2.00 बजे है, इसे 2 घंटा रीशेड्यूल किया गया है. यह ट्रेन अब अपरान्ह 4.00 बजे जबलपुर से रवाना होगी. वही रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना मेमू को भी दो घंटा रीशेड्यूल किया गया है. जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस के 2 घंटा रीशेड्यूल किये जाने का मैसेज रेलवे ने यात्रियों को फोन पर भेजा है, ताकि यात्री उसी के मुताबिक रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेल प्रशासन ने गाडियों के विलंब से चलने पर खेद जताया है।

### ये गाडि़यां विलंब से चल रही

12190 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर महाकोशल एक्सप्रेस 7 घंटा विलंब से चल रही हैं। इसी तरह 20828 एसआरसी-जबलपुर हमसफर 4 गंटा 45 मिनट, - 03252 बेगलुरु-दानापुर 8 घंटा, - 13202 राजेंद्रनगर-एलटीटी जनता एक्सप्रेस 2 घंटा, 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 1 घटा 20 मिनट, 11062 जयनगर-एलटीटी पवन एक्सप्रेस 4 घंटा 20 मिनट, 11402 सुपौल-पुणे एक्सप्रेस 3 घंटा के साथ ही 06510 दानापुर- बेंगलुरु हमसफर 7 घंटा की देरी से चलने की जानकारी रेलवे सूत्रों ने दी हैं।

## ट्रेनों में चोरी करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार, 1.40 लाख का मशरूका जब्त



**जबलपुर।** थाना जीआरपी जबलपुर पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल फोन व नगदी सहित कुल 1,40,500 का मशरूका जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक (रेल) सिमाला प्रसाद के निर्देशन में की गई। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू उर्फ नितिन उर्फ करिया यादव, डब्बू उर्फ भोलाप्रसाद चिकवा, धनराज यादव उर्फ तीतूर तथा नुरूद्दीन अंसारी शामिल हैं। आरोपियों के पास से विभिन्न कंपनियों के 6 मोबाइल फोन (ओप्पो, वीवो, सैमसंग, वनप्लस, नथिंग) व नगदी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। सोनू यादव के विरुद्ध 25 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। धनराज यादव व सोनू यादव के विरुद्ध न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के पालन में भी गिरफ्तारी की गई। इस कार्रवाई में जीआरपी जबलपुर व आरपीएफ टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर ने सफल टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## समाधान योजना के प्रथम चरण की समय-सीमा 31 जनवरी तक बढ़ी

**जबलपुर।** उपभोक्ताओं के उत्साहजनक एवं व्यापक सहभागिता को दृष्टिगत रखते हुए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की समय-सीमा में विस्तार किया गया है। कम्पनी द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को ऊर्जा विभाग की अनुमति मिल जाने के बाद अब समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि एक माह बढ़ा दी गई है। अब इसे 31 जनवरी तक लागू रखा जाएगा। समाधान योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा योजना का लाभ उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप यह निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि समाधान योजना का द्वितीय चरण 01 फरवरी से प्रारंभ होगा। योजना के नियम एवं शर्तें पूर्ववत यथावत रहेंगी। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विस्तारित अवधि का अधिकतम लाभ उठाते हुए समय रहते अपने बकाया विद्युत बिलों का समाधान करें।

## धान उपार्जनः स्लॉट बुकिंग की समस्याओं का करेंगे अधिकारी निराकरण

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों से 9 जनवरी तक स्लॉट बुक करने का आग्रह किया गया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर स्लॉट बुकिंग में किसानों को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए खाद्य विभाग के छह अधिकारियों को तहसीलवार तैनात किया गया है।जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि स्लॉट बुकिंग में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर किसान संबंधित तहसील के नियुक्त अधिकारियों से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। यदि समस्या का समाधान वहां नहीं हो पाता है तो किसान जिला आपूर्ति नियंत्रक अथवा कंप्यूटर ऑपरेटर से भी संपर्क कर सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि धान उपार्जन नीति के तहत किसान उपार्जन की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक स्लॉट बुक कर सकते हैं तथा बुक किए गए स्लॉट की वैधता सात कार्य दिवस होगी। उन्होंने सभी किसानों से समय-सीमा में स्लॉट बुक कर लेने का अनुरोध किया है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240